Kamal.Sandesh kamalsandesh.org KamalSandesh

विशेषांक-3

# कमल संदेश

वर्ष-19, अंक-09-10 01-15—16-31 मई, 2024 (संयुक्तांक) ₹20



## मोदी की गारंटी
## सुशासन के लिए प्रतिबद्ध भाजपा



बेरहामपुर (ओडिशा) में 28 अप्रैल, 2024 को एक विशाल सभा 'विजय संकल्प समावेश' के दौरान भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री बैजयंत जय पांडा एवं अन्य वरिष्ठ नेतागण



गांधीधाम, कच्छ (गुजरात) में 03 मई, 2024 को एक विशाल रोड शो के दौरान भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा एवं अन्य भाजपा नेतागण



चित्रकूट धाम (उत्तर प्रदेश) में 09 मई, 2024 को एक विशाल जनसभा को संबोधित करने से पहले भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा का स्वागत करते उत्तर प्रदेश भाजपा के नेतागण



आदिलाबाद (तेलंगाना) में 05 मई, 2024 को एक विशाल रैली के दौरान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह



हुबली–धारवाड़ में (कर्नाटक) 01 मई, 2024 को एक विशाल जनसभा के दौरान जन–अभिवादन स्वीकार करते केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह



लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में 29 अप्रैल, 2024 को एक विशाल रोड शो के दौरान रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

कमल संदेश
पाक्षिक पत्रिका

संपादक
डॉ. शिव शक्ति नाथ बक्सी

सह संपादक
संजीव कुमार सिन्हा
राम नयन सिंह

कला संपादक
विकास सैनी
भोला राय

डिजिटल मीडिया
राजीव कुमार
विपुल शर्मा

सदस्यता एवं वितरण
सतीश कुमार

इ-मेल
mail.kamalsandesh@gmail.com
mail@kamalsandesh.com
फोन: 011-23381428, फैक्स: 011-23387887
वेबसाइट: www.kamalsandesh.org

# विषय-सूची



वाराणसी, उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का रोड शो एवं नामांकन 06

मेरी काशी के साथ मेरा रिश्ता विशेष, अभिन्न एवं अतुलनीय है: नरेन्द्र मोदी

1. पूरा देश, मजबूत भारत के लिए मजबूत सरकार चाहता है: नरेन्द्र मोदी 09
2. 'एससी-एसटी-ओबीसी आरक्षण के साथ कभी कोई खिलवाड़ नहीं करने दूंगा' 10
3. 'अयोध्यावासियों का हृदय भी प्रभु श्रीराम जैसा विशाल' 11
4. 'बीजेडी 25 साल में आपकी मुश्किलें कम नहीं कर पाई, इस बार भाजपा को अवसर दें' 12
5. 'भाजपा सबका साथ-सबका विकास के मंत्र पर काम करती है' 13
6. ओडिशा में भाजपा इस बार विपक्ष में नहीं बैठेगी, बल्कि सरकार बनाकर जनता की सेवा करेगी : जगत प्रकाश नड्डा 14
7. 'प्रधानमंत्री मोदीजी ने जनजातीय समुदाय की तस्वीर एवं तकदीर बदलने का काम किया है' 16
8. 'मोदी सरकार ने सर्वस्पर्शी एवं सर्वसमावेशी विकास का नया अध्याय शुरू किया है' 17
9. लेख: युवाओं को दिशा देतीं मोदी सरकार की क्रांतिकारी योजनाएं 26
10. लेख: बदलती दुनिया में कहां खड़ा है भारत 28
11. लेख: समग्र विकास को समर्पित सरकार 29
12. मध्यम वर्ग और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में सुगमता 30
13. विश्व बंधुत्व व सुरक्षित भारत 32
14. नारी शक्ति का सशक्तीकरण 34
15. 'युवाओं को अवसर' मोदी की गारंटी 36
16. किसान एवं मत्स्य क्षेत्र का विकास 38
17. भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी नहीं रहे 41

प्रकाशक एवं मुद्रक: डॉ. मुकर्जी स्मृति न्यास के लिए विष्णु मित्तल द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित, एच.टी. मीडिया लिमिटेड, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा (उ.प्र.)-201306 से मुद्रित एवं डॉ. मुकर्जी स्मृति न्यास, पी.पी.-66, सुब्रमण्यम भारती मार्ग, नई दिल्ली-110003 से प्रकाशित। संपादक- डॉ. शिव शक्ति नाथ बक्सी

# सोशल मीडिया से

X



## नरेन्द्र मोदी

कांग्रेस हमेशा यही सोचती थी कि गरीब पैसा लेकर भाग जाएगा, लेकिन मोदी ने आज देश के हर गरीब की गारंटी ले रखी है।

(07 मई, 2024)



## जगत प्रकाश नड्डा

हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे नेता आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं, जिनके नेतृत्व में आज देश सुरक्षित है। आज हमारे सेना के जवान दुश्मन की हर गोली का जवाब देने के लिए पूर्ण स्वतंत्र हैं। (10 मई, 2024)



## अमित शाह

कांग्रेस ने गरीबों और आदिवासियों का जो पैसा खाया है, उसकी पाई-पाई का हिसाब लिया जाएगा।

(10 मई, 2024)



## राजनाथ सिंह

कांग्रेस के समय में कालाहांडी गरीबी का पर्याय बन चुका था। बहुत सारे एनजीओ गरीबी पर्यटन के लिए यहां आते थे। अब कालाहांडी बदल रहा है। प्रधानमंत्री मोदीजी के आने के बाद भारत में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने में कामयाबी हासिल हुई है।

(08 मई, 2024)



## बी.एल. संतोष

कांग्रेस के प्रवक्ताओं व सोशल मीडिया टीम के प्रति सहानुभूति, जिन्होंने अमेठी से भागने को एक महान कदम बताया है और इसे शतरंज के साथ जोड़कर कहा कि स्मृति ईरानी का सामना तो कोई भी कर सकता है, तो फिर राहुल गांधी ही क्यों? वास्तव में यह दुनिया का सबसे कठिन काम है। (03 मई, 2024)



## पीयूष गोयल

चुनावों के दौरान जब निर्वाचन आयोग कांग्रेस के लगातार निशाने पर रहे, तो हमें अंदाजा लगा लेना चाहिए कि इस पुरानी पार्टी के पक्ष में क्या नतीजे आने वाले हैं!

(08 मई, 2024)

"मेरे लिए इस चुनाव में सबसे सुकून देने वाली घटना यही है कि कश्मीर में वोटिंग प्रतिशत बढ़ा है। वहां मतदान केंद्रों के बाहर कतार में लगे लोगों की तस्वीरें ऊर्जा से भर देने वाली हैं।

**मुझे इस बात का संतोष है कि जम्मू-कश्मीर के बेहतर भविष्य के लिए हमने जो कदम उठाए हैं, उसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।**

नवभारत टाइम्स के साथ
**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी** का साक्षात्कार



"**इंडी गठबंधन की पार्टियां दिल्ली में हारी हुई लड़ाई लड़ रही हैं। उनके सामने अपना अस्तित्व बचाने का संकट है।**

चुनाव के बाद वैसे भी इंडी गठबंधन नाम की कोई चीज बचेगी नहीं। दिल्ली की जनता ने बहुत पहले कांग्रेस को बाहर कर दिया था, अब दूसरे दलों के साथ मिलकर वो अपनी मौजूदगी दिखाना चाहते हैं।

नवभारत टाइम्स के साथ
**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी** का साक्षात्कार



# 'फिर एक बार मोदी सरकार'

संपादकीय

आज जब पूरे देश में मतदान हो रहे हैं और पूरा विश्व भारतीय लोकतंत्र की अद्भुत शक्ति को स्वीकार कर रहा है, उस समय लोकतंत्र की जननी 'भारत' पूरे विश्व में एक सफल लोकतंत्र का गौरवपूर्ण उदाहरण बनकर उभरा है। आज भारत को न केवल विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों, सशक्त राष्ट्रीय भावना एवं सुदृढ़ लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए इसे सराहा जा रहा है। जनता आज जब इस विशाल लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बड़े उत्साह से भाग ले रही है, विभिन्न विषयों पर बहस, प्रचार के विविध तरीके, जनसभा, रोड शो एवं मतदाताओं को आकर्षित करने के अनेकानेक प्रयास इस लोकतंत्र के पर्व में ऐसा रंग भर रहा है जिसे कहीं और देखा नहीं जा सकता। जहां बड़ी संख्या में राजनैतिक दल, क्षेत्रीय से राष्ट्रीय स्तर तक मतदाताओं को रिझाने में लगे हैं, वहीं यह विशाल लोकतंत्र अपनी व्यापकता को और अधिक समृद्ध कर रहा है। राष्ट्रीय, क्षेत्रीय एवं स्थानीय स्तर के विषयों के मध्य यह वैविध्यपूर्ण, विराट एवं राष्ट्रीय एकात्मता को सुदृढ़ करने वाला जीवंत भारतीय लोकतंत्र अपने-आप में अद्भुत एवं अचंभित करने वाला है।

> आज जब पिछले दस वर्षों की चमत्कारिक उपलब्धियों से देश में नई आकांक्षाएं जगी हैं, पूरे देश में जनता 'विकसित भारत' के सपने को आंखों में संजोए हुए मतदान कर रही है

जहां हर चुनाव के साथ भारतीय लोकतंत्र और अधिक सुदृढ़ हो रहा है, वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के करिश्माई एवं दूरदर्शी नेतृत्व में भाजपा हर चुनाव परिणाम के साथ और भी अधिक मजबूत होकर उभर रही है। भाजपा पर बरसता अभूतपूर्व जन-आशीर्वाद, जो हर चुनाव के पश्चात् और भी अधिक व्यापक हो रहा है, के परिणामस्वरूप देश के कोने-कोने में आज 'कमल' खिल रहा है। कठोर परिश्रम, दूरदृष्टि भरी योजनाएं एवं कार्यक्रम, अटूट प्रतिबद्धता एवं पूर्ण समर्पण से जीता हुआ जनविश्वास, जिनसे अविश्वसनीय उपलब्धियां तथा जनता का अथाह आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। पिछले दस वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व परिवर्तन देखे हैं जिससे हर क्षेत्र में चमत्कारिक विकास संभव हुआ है। आज जब 25 करोड़ से अधिक लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं अभिनव कार्यक्रमों से समाज के गरीब वर्ग के जीवन-स्तर में व्यापक सुधार हुआ है। 'फ्रैजाइल-फाइव' से 'टॉप फाइव' की अपनी यात्रा में भारत ने न केवल युवा, महिला एवं मध्यम वर्ग के लिए असीम संभावनाओं के द्वार खोले बल्कि गरीब, अनु. जाति, अनु. जनजाति, पिछड़ा वर्ग, किसान, मजदूर, वंचित एवं शोषितों का व्यापक सशक्तीकरण किया है। आज पूरा विश्व आत्मविश्वास से परिपूर्ण सशक्त भारत का स्वागत कर रहा है, जो विश्व के लिए 'ग्रोथ-इंजिन' की भूमिका निभाने को तत्पर है।

जहां देश की अद्भुत उपलब्धियों से हर भारतीय गौरव का अनुभव कर रहा है, वहीं कांग्रेस-नीत विपक्ष झूठ एवं फरेब की धूर्ततापूर्ण राजनीति से देश में नकारात्मक वातावरण बनाने में लगा हुआ है। वर्तमान में चल रहे चुनावों में इसने न केवल अपनी घिसी-पीटी नीतियों को देश के सामने रखा है, बल्कि इसका विभाजनकारी एजेंडा भी बेनकाब हुआ है। जिन कार्यक्रम एवं नीतियों से देश की आर्थिक स्थिति चौपट हुई थी तथा अर्थव्यवस्था बर्बादी के कगार पर पहुंची थी, उन्हीं को पुनः लागू कर तुष्टीकरण की राजनीति से देश को बांटने की चालें चली जा रही हैं। आज जब लोग भारी मतदान कर रहे हैं, कांग्रेस एवं इसके सहयोगी दल अपने अस्तित्व की लड़ाई में पतन एवं पराभव के दल-दल में डूब चुके हैं। जहां पिछले दस वर्षों में कांग्रेस एवं इसके सहयोगी दलों की नकारात्मक राजनीति को जनता ने बार-बार पराजित किया है, वहीं इस बार भी जनता इन्हें कड़ा सबक सिखाने को तैयार है।

आज जब पिछले दस वर्षों की चमत्कारिक उपलब्धियों से देश में नई आकांक्षाएं जगी हैं, पूरे देश में जनता 'विकसित भारत' के सपने को आंखों में संजोए हुए मतदान कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणादायी एवं सुदृढ़ नेतृत्व में 'विकसित भारत' के स्वप्नों को साकार करने का विश्वास जन-जन में भर गया है; क्योंकि यह मोदी की गारंटी है। इस बार का जनादेश अब स्पष्ट है, **'फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार, 400 पार'**। ■

shivshaktibakshi@kamalsandesh.org



## वाराणसी, उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का रोड शो एवं नामांकन

# मेरी काशी के साथ मेरा रिश्ता विशेष, अभिन्न एवं अतुलनीय है: नरेन्द्र मोदी

उत्तर प्रदेश के पवित्र शहर वाराणसी के निवासियों ने 13 मई, 2024 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपना नामांकन पत्र दाखिल करने की पूर्व संध्या पर आयोजित शानदार रोड शो में प्रधानमंत्रीजी का जोरदार स्वागत किया। पांच किलोमीटर लंबे इस रोड शो की शुरुआत श्री मोदी द्वारा काशी हिंदू विश्वविद्यालय के सिंहद्वार पर स्थित महामना पं. मदनमोहन मालवीय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई, ढाई घंटे से अधिक चले इस रोड शो का समापन काशी विश्वनाथ धाम पर हुआ।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे। जैसे ही यह काफिला सड़कों से गुजरा, लाखों लोग 'हर-हर महादेव', 'भारत माता की जय', और 'मोदी-मोदी' के नारे लगाते हुए प्रधानमंत्रीजी की एक झलक पाने के लिए एकत्रित हुए।



श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी बात साझा करते हुए कहा, "बाबा विश्वनाथ की नगरी की देवतुल्य जनता-जनार्दन का नमन और वंदन! आज मेरा रोम-रोम काशी के कण-कण का अभिनंदन कर रहा है। रोड शो में आप सबसे जो अपनत्व और आशीर्वाद मिला है, वो अकल्पनीय और अतुलनीय है। मैं अभिभूत और भावविभोर हूं! आपके स्नेह की छांव में 10 वर्ष कैसे बीत गए, पता ही नहीं चला। तब मैंने कहा था कि मां गंगा ने मुझे बुलाया है। आज मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया है।"

इस जीवंत माहौल को बयान करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा, 'बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक और महिलाओं से लेकर मेरे युवा साथियों तक, सभी उम्र और हर वर्ग के लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने मेरे दिल पर एक अमिट छाप छोड़ी है।'

## वाराणसी से नामांकन दाखिल किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 14 मई, 2024 को उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। अपना नामांकन दाखिल करने से पहले प्रधानमंत्री विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हुए, दशाश्वमेध घाट पर पूजा की और मां गंगा के पवित्र जल में डुबकी लगाई। इसी के साथ वाराणसी में आगामी चुनावी लड़ाई के लिए भी मंच तैयार हो गया है। वाराणसी में 1 जून को मतदान होना है, यह लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नामांकन के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) श्री बीएल संतोष के साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे, राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा, असम के मुख्यमंत्री श्री हेमंत बिस्वा सरमा, हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, गोवा के मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सावंत, सिक्किम के मुख्यमंत्री श्री प्रेम सिंह तमांग, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री श्री माणिक साहा और अन्य भाजपा नेतागण उपस्थित रहे।

वाराणसी भारत के राजनीतिक परिदृश्य में एक विशेष स्थान रखता है, यह भाजपा एवं स्वयं प्रधानमंत्री श्री मोदी का क्षेत्र है, जिन्होंने इस निर्वाचन क्षेत्र से 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में जीत हासिल की थी। 2019 के चुनावों में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वाराणसी में 63.6 प्रतिशत के प्रभावशाली वोट शेयर के साथ 6,74,664 से अधिक वोट हासिल करके जीत हासिल की। वहीं, 2014 में श्री नरेन्द्र मोदी ने दो लोकसभा क्षेत्रों वडोदरा, गुजरात और वाराणसी, उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ा और दोनों में जीत हासिल की।

श्री मोदी ने अपने पिछले नामांकन की कुछ झलकियां साझा करते हुए 'एक्स' पर लिखा 'मेरी काशी के साथ मेरा रिश्ता विशेष, अभिन्न और अतुलनीय है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि इसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है! ■











# लोकसभा चुनाव-2024 चुनाव-प्रचार जोरों पर

लोकसभा चुनाव-2024 के लिए चुनाव-प्रचार जोरों पर है। 543 लोकसभा सीटों के लिए मतदान सात चरणों में कराये जा रहे है। पहला चरण 19 अप्रैल, 2024 को शुरू हुआ और आखिरी चरण 1 जून को संपन्न होगा। नतीजे 4 जून, 2024 को आएंगे। अभी तक चार चरणों के मतदान संपन्न हो चुके हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी विभिन्न राज्यों में विशाल जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं तथा भव्य रोड शो भी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ-साथ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह एवं अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता देश भर के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में प्रतिदिन जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं तथा भव्य रोड शो कर रहे हैं। श्री मोदी एवं अन्य नेताओं की रैलियों में बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं तथा ऐसा लग रहा है कि जनता इस बार भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को 400 से अधिक सीटों के साथ निर्णायक जनादेश देने का मन बना चुकी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा तथा अन्य नेताओं द्वारा विभिन्न चुनावी जनसभाओं में दिए गए भाषणों के संपादित अंश हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं:



# पूरा देश, मजबूत भारत के लिए मजबूत सरकार चाहता है: नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 4 मई, 2024 को झारखंड के पलामू और लोहरदगा में दो जनसभाओं को संबोधित किया। पलामू की रैली में उन्होंने लोगों को एक-एक वोट का महत्व समझाते हुए कहा कि 2014 में आपके वोट ने कांग्रेस की महाभ्रष्ट सरकार को हटा दिया था। इसके बाद बीजेपी-एनडीए की सरकार बनी थी और आज हर सेक्टर में नतीजे सामने हैं। भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। उन्होंने अपनी सरकार की बड़ी सफलताओं का जिक्र करते हुए कहा, "अयोध्या में 500 साल बाद भव्य राम मंदिर बना है, जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 की दीवार हमेशा के लिए हट गई है। देश में नक्सलवाद हो या आतंकवाद, अब अपनी आखिरी सांसे गिन रहा है।"

श्री मोदी ने भारत की जमीन पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर उसे जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि एक समय था जब हम पाकिस्तान को लव लेटर भेजते थे, अमन की आस लगाते थे, लेकिन पाकिस्तान जवाब में फिर आतंकी भेजता था। बम-गोले लेकर वो देश में फिर दहशत फैलाते थे, लेकिन सरकार बदली तो कड़े फैसले लिए गए, आज नया भारत डोजियर नहीं देता, घर में घुसकर मारता है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयरस्ट्राइक के तमाचे ने पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया है। उन्होंने कहा, "एक वो स्थिति थी, जब आतंकी हमले के बाद कांग्रेस की बुजदिल सरकार दुनियाभर में जाकर रोती थी। एक ये स्थिति है कि पाकिस्तान अब दुनिया भर में रो रहा है, लेकिन मजबूत भारत तो अब मजबूत सरकार ही चाहता है, मोदी की सरकार ही चाहता है।"

> "एक वो स्थिति थी, जब आतंकी हमले के बाद कांग्रेस की बुजदिल सरकार दुनियाभर में जाकर रोती थी। एक ये स्थिति है कि पाकिस्तान अब दुनिया भर में रो रहा है, लेकिन मजबूत भारत तो अब मजबूत सरकार ही चाहता है, मोदी की सरकार ही चाहता है"

पलामू के विकास का जिक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने पलामू को भी तो अपने हाल पर छोड़ दिया था। उन्होंने कहा, "दिल्ली में बैठे इनके नेताओं को नक्शा दिखाकर पूछ लीजिए की पलामू कहां है...तो पता ही नहीं होगा। ऐसे ही जिलों में देश के सबसे ज्यादा दलित पिछड़े-आदिवासी रहते हैं। लेकिन इसकी उन्हें परवाह ही नहीं थी। ऊपर से पिछड़ा जिला कहकर पलामू को अपमानित किया जाता था।"

उन्होंने कहा कि पलामू में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के शुरू होने से पहले और अब में जमीन-आसमान का फर्क आ गया है। उन्होंने कहा, "आज मैं पलामू को बधाई देने के साथ ही आपको सतर्क करने भी आया हूं। मोदी यहां रोजगार बढ़ाना चाहता है, मोदी आपके जीवन में खुशहाली लाना चाहता है, लेकिन कांग्रेस वालों की नजर आपकी जमीन-जायदाद पर पड़ गई है। कांग्रेस आपकी जमीन-जायदाद की जांच करना चाहती है। आपकी संपत्ति का एक हिस्सा ये अपने खास वोटबैंक को देना चाहते हैं। ये आपकी कमाई का, आपकी फसल का, आपके वन-धन का हिस्सा भी हड़प लेना चाहते हैं।"

लोहरदगा में श्री मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के जीवन ने उन्हें हर चुनौती से जीतना सिखाया है। उन्होंने कहा, "आप देखते हैं, मैं गरीबों के लिए, आदिवासियों के लिए काम करता हूं तो मुझे कितनी ही गालियां पड़ती हैं, लेकिन मैं सिर्फ आपकी सेवा में जुटा रहता हूं।"

उन्होंने कहा कि आज देश में गरीब की चिंता, आपका ये गरीब का बेटा मोदी ही कर रहा है। उन्होंने कहा, "कांग्रेस के राज में राशन सड़ता रहता था, आदिवासी क्षेत्रों में बच्चे भूख से मरते रहते थे और कांग्रेस अनाज गोदामों पर ताला लगाकर बैठ जाती थी। आप मोदी को लेकर आए। मोदी ने सारे अनाज गोदामों के ताले खुलवा दिए, आज देश में मुफ्त राशन की योजना चल रही है। धरती इधर की उधर हो जाए... आपको मुफ्त राशन मिलने से कोई रोक नहीं सकता। क्योंकि ये मोदी की गारंटी है।"

उन्होंने कहा कि जहां सरकारें भ्रष्ट हों, वहां बजट कितना भी हो, विकास संभव नहीं है। झारखंड इसी स्थिति से गुज़र रहा है। यहां ऐसा कोई पेपर नहीं, जो लीक नहीं होता है। मोदी ने इसके विरुद्ध भी हाल में एक कड़ा कानून बना दिया है। उन्होंने कहा, "कांग्रेस के सांसद के घर से नोटों के ढेर गिनते-गिनते मशीनें थक गईं। ये सबने देखा है। एक मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के गंभीर मामलों में जेल में बंद है। जिसने झारखंड को लूटा, उस पर कानून के तहत कार्रवाई हो रही है।"

श्री मोदी ने कहा कि मोदी कहता है कि भ्रष्टाचार हटाओ, जबकि कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। उन्होंने कहा, "मैं आपको गारंटी देता हूं— आने वाले 5 साल में ऐसे सभी भ्रष्टाचारियों पर और तेजी से एक्शन होगा।" ■

दरभंगा (बिहार)

# 'एससी-एसटी-ओबीसी आरक्षण के साथ कभी कोई खिलवाड़ नहीं करने दूंगा'




प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के दरभंगा में 4 मई, 2024 को चुनावी जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हमने इस चुनाव में अगले 5 साल के लिए विकास का रोडमैप और 25 साल का विजन देश के सामने रखा है। दूसरी ओर कांग्रेस और इंडी गठबंधन है, जिसके एक शहजादे ने बचपन से पूरे देश को और दूसरे ने बिहार को अपनी जागीर समझ रखा है। दोनों शहजादों के रिपोर्ट कार्ड एक जैसे ही हैं। इनके रिपोर्ट कार्ड में सिवाए घोटालों और बेलगाम कानून-व्यवस्था के कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि याद कीजिए, कैसे बिहार में अपहरण उद्योग चलता था। बड़े-बड़े घोटालों से बिहार के खजाने को लूटा जाता था। नौकरी देने के पहले जमीन लिखा ली जाती थी। इस राज्य में शाम होते ही हमारी बहन-बेटियां घर से निकलने में डरती थीं। आज नीतीश जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार के चौतरफा विकास के लिए दिन-रात काम कर रही है। इसलिए पूरा बिहार कह रहा है— फिर एक बार, मोदी सरकार!

मिथिला की पुण्य भूमि को नमन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि यहां इतनी विशाल संख्या में जनता-जनार्दन का आशीर्वाद मिलना बड़े सौभाग्य की बात है। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की बधाई देते हुए कहा कि सदियों बाद हमारा इंतजार समाप्त हुआ है। हमारे पूर्वजों को पता था कि कभी तो कोई बेटा आएगा, जो राम मंदिर के पांच सौ साल के इंतजार को खत्म करेगा। हम अपने जीवनकाल में ये शुभ समय देख रहे हैं, ये बहुत बड़ी बात है।

भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को याद करते हुए श्री मोदी ने कहा कि वे हमारी सरकार की योजनाओं की प्रेरणा रहे हैं। पिछले 10 सालों में बिहार में हमने 40 लाख गरीबों को पक्के घर दिए हैं। करीब सवा करोड़ गैस कनेक्शन दिए हैं। आज गरीबों को मुफ्त राशन-मुफ्त इलाज मिल रहा है। अब मोदी ने ये भी तय किया है कि 70 साल के ऊपर के हर बुजुर्ग को 5 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त मिलेगा। हमने बिहार में महिला स्वयं सहायता समूहों को बैंक के माध्यम से 42 हजार करोड़ रुपये दिए हैं। दरभंगा-मधुबनी में 11 लाख महिलाएं इन समूहों से जुड़ी हैं। दरभंगा में बहनों ने शिल्पग्राम की शुरुआत की है और मधुबनी पेंटिंग का प्रचार तो खुद मोदी पूरी दुनिया में करता है। यहां दरभंगा के आईटी पार्क से युवाओं के लिए नए अवसर पैदा होंगे। मिथिला में मखाना, लीची और आम खूब होता है। यहां के मखाने को दुनिया तक पहुंचाने के लिए हमारी सरकार ने इसको जीआई टैग भी दिया है।

> आरजेडी का इतिहास सामाजिक न्याय का मुखौटा लगाकर हमेशा से तुष्टीकरण करने का रहा है। जब गोधरा में कारसेवकों को जिंदा जलाया गया था, आरजेडी मुखिया और रेलमंत्री के निर्देश पर दोषियों को बचाने के लिए फर्जी जांच रिपोर्ट तैयार की गई थी

कांग्रेस की साजिश पर चोट करते हुए श्री मोदी ने कहा कि आपको पता है कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रावधान ही नहीं है। बाबासाहेब ही नहीं, नेहरू भी धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे, लेकिन आज कांग्रेस ओबीसी कोटे को कम करके, धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण देने की साजिश रच रही है। 2007 में बिहार के शहजादे के पिताजी ने मुस्लिमों को कोटा देने की बात कही थी। रेलमंत्री रहते हुए उन्होंने रेलवे अधिकारियों को कहा था कि मुस्लिमों के लिए कोटे का इंतजाम किया जाए। मैंने कांग्रेस और इंडी गठबंधन से धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं देने की बात लिखित में देने को कहा है, लेकिन इनके पेट में पाप है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि जब तक मोदी जिंदा है, एससी-एसटी-ओबीसी के आरक्षण के साथ कभी कोई खिलवाड़ नहीं करने दूंगा।

श्री मोदी ने अपने भाषण के अंत में कहा कि आरजेडी का इतिहास सामाजिक न्याय का मुखौटा लगाकर हमेशा से तुष्टीकरण करने का रहा है। जब गोधरा में कारसेवकों को जिंदा जलाया गया था, आरजेडी मुखिया और रेलमंत्री के निर्देश पर दोषियों को बचाने के लिए फर्जी जांच रिपोर्ट तैयार की गई थी। पूरी दुनिया को पता था कि कारसेवकों को जिंदा जलाया गया, लेकिन तब फर्जी जांच रिपोर्ट से कारसेवकों पर ही दोष मढ़ने की साजिश रची गई। यही इनका इतिहास है। इन्होंने ऐसी रिपोर्ट बनवाई ताकि 60 कारसेवकों को जलाने वाले छूट जाएं। ■

# 'अयोध्यावासियों का हृदय भी प्रभु श्रीराम जैसा विशाल'

अयोध्या में 5 मई, 2024 को रामजन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्रीराम की पूजा-अर्चना करने के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश की इस पावन नगरी में एक भव्य रोड शो किया। इस दौरान श्री मोदी का अभिवादन करने और भाजपा का उत्साहवर्धन करने के लिए कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने उत्साह के साथ 'भारत माता की जय' और 'मोदी-मोदी' के नारे लगाए। लोगों ने फूल बरसाते हुए श्री मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्रीजी ने भी पूरे उत्साह के साथ, कभी हाथ हिलाकर तो कभी दोनों हाथ जोड़कर, लगातार जनता के अभिवादन का जवाब दिया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा—''अयोध्यावासियों का हृदय भी प्रभु श्रीराम जैसा विशाल है। रोड शो में आशीर्वाद देने आई जनता-जनार्दन का अभिनंदन!

पावन अयोध्या धाम के दिव्य-भव्य राम मंदिर में श्री रामलला के दर्शन और पूजन का परम सौभाग्य मिला।

हमारी सरकार अयोध्या के कायाकल्प के लिए तन-मन से जुटी हुई है। इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार से लेकर कनेक्टिविटी बढ़ाने पर भी हमारा फोकस है। यहां महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण हो या अयोध्या धाम जंक्शन का पुनर्विकास, हमने इनमें विश्वस्तरीय सुविधाओं का ध्यान रखा है। हमारी डबल इंजन सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है कि देश-दुनिया के कोने-कोने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों को किसी तरह की कठिनाई ना हो।

हम प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या को एक वैश्विक धार्मिक और आध्यात्मिक तीर्थस्थल के रूप में विकसित करने में जुटे हैं। श्रद्धालुओं को अयोध्या दर्शन कराने वाली इलेक्ट्रिक बोट हो या फिर कनेक्टिविटी को आसान बनाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस, अयोध्या के चौरतफा विकास के लिए हम कृतसंकल्प हैं।

अगर कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दौर में सकारात्मक पहल हुई होती तो हमारा अयोध्या धाम दशकों पहले ही आस्था और भक्ति का वैश्विक केंद्र बन चुका होता, लेकिन उन्हें अपने वोट बैंक से आगे कुछ दिखाई ही नहीं देता! प्रभु श्री राम को लेकर उनकी धारणा आप अच्छी तरह देखते आए हैं। उनकी आस्था का इसी से पता चलता है कि रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के निमंत्रण तक को ठुकरा दिया। हमारे लिए तो ये मंदिर भारत की दृष्टि, दर्शन और दिग्दर्शन का विराट तीर्थस्थल है। इसलिए रामजी की कृपा से हम अयोध्या नगरी के वैभव को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए निरंतर प्राण-प्रण से जुटे रहेंगे।

राम नगरी की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के लिए करोड़ों रुपयों के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। लता मंगेशकर चौक जैसे हमारे प्रयास, अयोध्या की सुंदरता में चार चांद लगा रहे हैं। यहां के मेरे परिवारजनों का जीवन आसान बनाने के लिए तेज गति से प्रयास किए जा रहे हैं। दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन केंद्र बनने से अयोध्या के स्थानीय व्यापारियों का कारोबार और बढ़ेगा। इसके साथ ही होटल से लेकर हॉस्पिटैलिटी तक कई इंडस्ट्री के यहां आने से युवाओं को भी रोजगार के नए-नए अवसर मिलेंगे।

आज रोड शो में आप सबके असीम स्नेह और अपनत्व से भाव-विह्वल हूं। यहां के युवा साथियों के जय श्री राम के जयघोष और नारीशक्ति के अपार आशीर्वाद ने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की नई शक्ति प्रदान की है। यह आप सबकी साधना, श्रद्धा और अथक संघर्ष का ही सुफल है कि सदियों की लंबी प्रतीक्षा के बाद हमारे राम लला अपने भव्य-दिव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। इस अद्वितीय आस्था की अनुभूति देशवासियों के दिलों में दिग-दिगंत तक जीवंत रहेगी।''









बेरहामपुर और नबरंगपुर (ओडिशा)

# 'बीजेडी 25 साल में आपकी मुश्किलें कम नहीं कर पाई, इस बार भाजपा को अवसर दें'

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 6 मई, 2024 को ओडिशा में दो रैलियों को संबोधित किया। उनकी पहली रैली बेरहामपुर और दूसरी रैली नबरंगपुर में हुई। बेरहामपुर में उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा ने ओडिशा की आकांक्षाओं, यहां के युवा सपनों और यहां की बहनों-बेटियों के सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए, बहुत ही विजनरी संकल्प पत्र जारी किया है। इसमें युवाओं-महिलाओं के लिए रोजगार भी है, बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य भी है, ओडिशा की संस्कृति और पर्यटन के विकास के लिए अहम घोषणाएं भी हैं। उन्होंने कहा, 'धान किसानों के लिए, 'केंदु पत्र' के लिए भी बीजेपी के संकल्प पत्र में बड़ी घोषणाएं की गई हैं। बीजेपी जो कहती है...वो करके दिखाती है। इसलिए यहां सरकार बनने के बाद हम पूरी शक्ति से इन घोषणाओं पर अमल करेंगे। और ये मोदी की गारंटी है।'

चुनावों का जिक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा कि ओडिशा में बीजेडी अस्त है और कांग्रेस पस्त है। यहां सिर्फ भाजपा उम्मीदों का नया सूरज बनकर उभरी है। ओडिशा में पहले करीब 50 साल कांग्रेस और फिर 25 साल से बीजेडी सरकार रही है, लेकिन लोगों के लिए कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा, 'ओडिशा के पास पानी, उपजाऊ जमीन, जमीन के नीचे खनिज का खजाना, इतना लंबा समुद्र तट और बेरहामपुर जैसा ट्रेड सेंटर भी है। ये तो सिल्क सिटी भी है और खाद्य राजधानी भी है। यहां इतिहास भी है, संस्कृति की धरोहर भी है। मैं हर बार कहता हूं...फिर ऐसा क्या हुआ कि इतने अमीर ओडिशा की जनता गरीब रह गई। इसका जवाब है, पहले कांग्रेस और फिर बीजेडी के नेताओं की लूट।

**ओडिशा में बीजेडी अस्त है और कांग्रेस पस्त है। यहां सिर्फ भाजपा उम्मीदों का नया सूरज बनकर उभरी है। ओडिशा में पहले करीब 50 साल कांग्रेस और फिर 25 साल से बीजेडी सरकार रही है, लेकिन लोगों के लिए कुछ नहीं हुआ**

उन्होंने कहा कि ओडिशा को नारीशक्ति की परवाह नहीं है। केंद्र सरकार हर गर्भवती महिला को 6 हजार रुपए की आर्थिक मदद देती है। मकसद ये कि महिला और शिशु को जरूरी पोषण मिल जाए। आप ये जानकर हैरान रह जाएंगे कि ओडिशा सरकार ने यहां ये योजना लागू ही नहीं होने दी है। वहीं भाजपा सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। ओडिशा बीजेपी की 'सुभद्रा जोजना' यहां महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करेगी। ओडिशा बीजेपी ने यहां स्वयं सहायता समूहों की 25 लाख बहनों-बेटियों को लखपति दीदी बनाने का भी संकल्प लिया है। जो बुजुर्ग महिलाएं हैं, बेसहारा हैं उन्हें भी अलग से आर्थिक मदद दी जाएगी।

श्री मोदी ने कहा कि मोदी, ओडिशा के सामुद्रिक सामर्थ्य को भी बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। हमारा फोकस ओडिशा की कोस्टल इकॉनॉमी पर है। हर क्षेत्र में हम बहुत निवेश कर रहे हैं। हमने पहली बार मछली पालन का अलग मंत्रालय बनाया। मछुआरा भाई-बहनों की सुविधा और समृद्धि हमारे लिए सर्वोपरि है।

नबरंगपुर की दूसरी रैली में श्री मोदी ने कहा, 'ओडिशा के लोगों में दम और जज्बा है। लेकिन मुझे ये देखकर दुःख होता है कि बीजेडी सरकार ने आपको सही अवसर नहीं दिए। मोदी जो योजनाएं बनाता है...उनको बीजेडी सरकार ने लागू नहीं होने दिया। जो लागू हुईं, उनमें बीजेडी ने अपने भ्रष्टाचार का ठप्पा लगा दिया।'

उन्होंने कहा, 'मेरे लिए तो आप ही मोदी हैं। इसलिए, आप गांव में जाकर गारंटी देना...ओडिशा में अब बीजेडी की गड़बड़ियां नहीं चलेंगी। यहां भाजपा सरकार बनेगी...और उन्हें मोदी की हर योजना का पूरा लाभ मिलेगा।'

उन्होंने कहा कि यहां इतना विशाल इंद्रावती बांध है, लेकिन नबरंगपुर और कोरापुट के परिवारों को इसका बहुत लाभ नहीं मिल पाता। किसानों को पानी भी पर्याप्त नहीं मिलता, जबकि पड़ोस में छत्तीसगढ़ में किसान साल में 3-3 फसलें तक लेते हैं। यानी खेती चौपट...रोजगार चौपट...यहां के नौजवानों को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है। यहां कपास किसान परेशान हैं...यहां गन्ना किसान परेशान हैं...यहां मक्का उगाने वाले छोटे किसान परेशान हैं... और बीजेडी 25 साल में आपकी मुश्किलें कम नहीं कर पाई है। तो एक बार भाजपा को मौका देकर देखिए। भाजपा आपकी हर समस्या का समाधान करेगी। भाजपा के लिए आपका कल्याण ही सर्वोपरि है। ■




# ‘भाजपा सबका साथ-सबका विकास के मंत्र पर काम करती है’

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 5 मई, 2024 को उत्तर प्रदेश में दो रैलियों को संबोधित किया। उनकी पहली रैली इटावा और दूसरी रैली धौरहरा में हुई। इटावा की रैली में श्री मोदी ने कहा कि देश की जनता जनार्दन ने उनकी मेहनत और ईमानदारी देखी है। अब मोदी भारत के लिए आने वाले 5 साल ही नहीं, 25 साल का रास्ता बना रहा है। भारत एक हजार साल के लिए सशक्त हो, मोदी उसकी नींव तैयार कर रहा है। वहीं सपा-कांग्रेस वाले अपने और अपने बच्चों के भविष्य के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प सिर्फ 4 शब्द नहीं हैं। इसमें 4 शब्द और जुड़े हैं...आपके बच्चों का सुखी संसार... आपके बच्चों की आय, उनका रोजगार... यही वो विरासत है, जो मोदी आपके बच्चों के नाम लिखना चाहता है। मोदी की विरासत... गरीब का पक्का घर है। मोदी की विरासत— माताओं-बहनों को मिला शौचालय है। मोदी की विरासत— दलित-पिछड़ों को मिला बिजली, गैस, नल कनेक्शन है। मोदी की विरासत— मुफ्त अनाज है, मुफ्त इलाज है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति है। मोदी की विरासत तो सबकी है, सबके लिए है। उन्होंने कहा, ‘शाही परिवार का वारिस ही पीएम, सीएम बनेगा, ये कुप्रथा, इस चायवाले ने तोड़ दी है।’

उन्होंने कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने निर्णय लिया था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। बाबासाहेब अम्बेडकर ने कहा था, खुद नेहरू जी ने कहा था। लेकिन अब सपा-कांग्रेस वाले एससी/एसटी/ओबीसी का आरक्षण छीनकर उसे धर्म के आधार पर बांटना चाहते हैं। उन्होंने कर्नाटक का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां रातों-रात इन्होंने सारी मुस्लिम जातियों को ओबीसी घोषित कर दिया। यूपी में ऐसा हुआ तो, यादव, मौर्य, लोध, पाल, जाटव, शाक्य, कुशवाहा समाज के हक का क्या होगा।’

श्री मोदी ने सपा-कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इनकी नीयत में खोट है। उन्होंने कहा, ‘आप याद कीजिए...5 साल पहले कांग्रेस का शाही परिवार मंदिर-मंदिर घूम रहा था। कांग्रेस के शहज़ादे ने तो कोट के बाहर जनेऊ तक पहन लिया था, लेकिन इस बार मंदिर के दर्शन बंद। कोट के बाहर टंगा जनेऊ उतर गया...यहां तक कि 500 साल बाद एक ऐतिहासिक पल आया। पूरा देश भव्य राममंदिर बनने से खुश हुआ, लेकिन इन्होंने प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण तक ठुकरा दिया। इन्होंने कृष्ण पूजा का मजाक उड़ाया है, इन्हें आपकी आस्था से कोई मतलब नहीं है।’

उन्होंने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि सपा राज में नारा चलता था— खाली प्लाट हमारा है...कहीं भी ये अपना झंडा गाड़ दिया करते थे...उत्तर प्रदेश को इस स्थिति से निकालकर हम आज यहां लाए हैं। जो क्षेत्र कट्टा फैक्ट्री बनाता था वहां अब डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है।

सपा सरकार ने यहां के गन्ना किसानों की जिंदगी में कड़वाहट घोल दी थी। गन्ना चला जाता था, लेकिन बरसों तक किसान का भुगतान नहीं आता था। भुगतान होता भी था तो किश्तों में पैसे दिए जाते थे। ये सारी कमियां भाजपा सरकार ने दूर कर दी हैं

प्रधानमंत्री की दूसरी जनसभा धौरहरा में हुई। श्री मोदी ने कहा कि लखीमपुर खीरी, सीतापुर के इस इलाके को उत्तर प्रदेश का चीनी का कटोरा कहा जाता है, लेकिन सपा सरकार ने यहां के गन्ना किसानों की जिंदगी में कड़वाहट घोल दी थी। गन्ना चला जाता था, लेकिन बरसों तक किसान का भुगतान नहीं आता था। भुगतान होता भी था तो किश्तों में पैसे दिए जाते थे। ये सारी कमियां भाजपा सरकार ने दूर कर दी हैं। हमने सपा-बसपा के समय का करीब-करीब सारा बकाया गन्ना किसानों को चुका दिया है।

श्री मोदी ने कहा कि भाजपा ‘सबका साथ-सबका विकास’ के मंत्र पर काम करती है। मुस्लिम भाई-बहन देख रहे हैं...पीएम आवास मिला तो सबको मिला, नल से जल कनेक्शन मिला तो सबको मिला,उज्ज्वला योजना की गैस मिली तो सबको मिली, हर योजना का लाभ उन्हें मिल रहा है...बिना किसी भेदभाव के लाभ मिल रहा है...अब मुस्लिम समाज को भी समझ आ रहा है...कांग्रेस और इंडी वालों ने उन्हें मोहरा बनाया हुआ है। ■




# ओडिशा में भाजपा इस बार विपक्ष में नहीं बैठेगी, बल्कि सरकार बनाकर जनता की सेवा करेगी : जगत प्रकाश नड्डा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने 5 मई, 2024 को ओडिशा के आगामी विधानसभा चुनाव का 'संकल्प पत्र' (घोषणा-पत्र) जारी किया। श्री नड्डा ने भारतीय जनता पार्टी के संकल्पों को मीडिया के सामने रखा और ओडिशा की बीजेडी सरकार के भ्रष्टाचार और चरमराई व्यवस्था पर जमकर कटाक्ष किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर केंद्रीय मंत्री श्री जुएल उरांव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री बैजयंत जय पांडा, ओडिशा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मनमोहन सामल, ओडिशा घोषणा-पत्र समिति प्रमुख श्री समीर मोहंती, सह-प्रमुख श्रीमती अपराजिता सारंगी, राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा सहित पार्टी के अन्य नेतागण उपस्थित रहे

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि पिछले 10 सालों में राजनीति की संस्कृति, राजनीति का चाल-ढाल और राजनीति के तौर तरीके प्रधानमंत्री मोदीजी के नेतृत्व में बदले हैं। आज के समय में संकल्प-पत्र एक बहुत ही प्रमुख दस्तावेज हो गया है। कांग्रेस के कार्यकाल में संकल्प पत्र बस देखने के लिए था। कांग्रेस के संकल्प पत्र पर न तो जनता का विश्वास था कि ये होगा और न बनाने वाले को विश्वास था कि ये हम करने वाले हैं। संकल्प पत्र की गरिमा इतनी कमजोर हो गई थी कि उसका सिवाय एक औपचारिकता के कोई महत्व नहीं रह गया था। मोदी जी के नेतृत्व में आज की राजनीति रिपोर्ट कार्ड पालिटिक्स बन गई है। मतलब जो कहा था वो किया है और जो नहीं कहा था वो भी करके दिया है। हमने गांव-गांव,पंचायत-पंचायत जाकर हजारों से अधिक सुझावों को एकत्रित करके यह संकल्प पत्र बनाया है।

श्री नड्डा ने कहा कि ओडिशा को कर हस्तांतरण के माध्यम से करीब 3.2 लाख करोड़ रुपए दिए गए और ग्रांट इन ऐड के तहत 1.7 लाख करोड़ रुपए दिए गए। ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी इस बार विपक्ष में नहीं बैठेगी, बल्कि सरकार बनाकर जनता की सेवा करेगी। ओडिशा की नवीन पटनायक सरकार अपने सभी वादों को पूरा करने में असफल रही है। राज्य के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पाया है, फसल का उचित दाम मुहैया नहीं कराया जा रहा है और ओडिशा के किसान की आय देश में सबसे कम है। ओडिशा से सबसे ज्यादा पलायन हो रहा है, मगर राज्य सरकार इसके लिए कोई महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले रही है। स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा तक, ओडिशा की सारी व्यवस्था चरमरा गई हैं। राज्य में 4300 शिक्षकों के पद रिक्त हैं, यूनिवर्सिटी और स्कूल शिक्षा पराली का बुरा हाल है। महिला उत्पीड़न के मामलों में ओडिशा प्रथम स्थान पर है। बीजू जनता दल के नेताओं के संरक्षण में लूटपाट, हत्या और बलात्कार जैसे जघन्य अपराध किए जा रहे हैं। बीजेडी के 45 विधायक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपराधों में शामिल हैं। राज्य में रिश्वत, भ्रष्टाचार और चोरी आम बात हो गई है। ओडिशा की जनता सबसे महंगा बिजली बिल भर रही है, उसके बावजूद भी राज्य में सबसे ज्यादा बिजली कटौती देखने को मिल रही है। इसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में कोल्ड स्टॉरेज को बंद करना पड़ रहा है। राज्य के अस्पताल स्वयं कोमा में चले गए हैं। भाजपा का लक्ष्य संकल्प से सिद्धि की ओर है। यह संकल्प पत्र ओडिशा के विकास का रोडमैप है। भाजपा सरकार का गठन होते ही अपने संकल्प पत्र की घोषणाओं को पूरा करने में जुट जाती है। भाजपा ओडिशा से भ्रष्टाचार को खत्म करेगी, और जनता की कमाई की पाई-पाई, जनकल्याण के लिए खर्च करेगी। ओडिशा के चिट फंड घोटालेबाजों को सजा दिलाई जाएगी और 18 महीने के भीतर छोटे व्यापारियों को पैसे लौटाए जाएंगे।

**श्री नड्डा ने 'संकल्प पत्र' की प्रमुख बातों का उल्लेख किया—**

- हम समृद्ध कृषक नीति शुरू करेंगे और इस समृद्ध कृषक नीति के तहत हम 3100 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीद करेंगे और ये खरीदी के 48 घंटों के अंदर डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से पैसा किसानों के खाते में जाएगा। जो खरीद होगी वो इलेक्ट्रानिक वेंइग मशीन जोकि मंडी में स्थापित की जाएंगी, उनके माध्यम से की जाएगी और हम इसमें पूरे दिन के आर्डर से कटनी और छटनी को एलिमिनेट करेंगे।
- हम महिलाओं के परिवार में विकास के लिए सुभद्रा योजना चलाएंगे और इसके तहत हर एक महिला को 50 हजार रुपए का कैश वॅाउचर प्राप्त होंगे और उस कैश वॅाउचर को 2 साल के अंदर नकदीकरण कराना होगा।
- हम हर एक मेट्रो सिटी में उड़ीया भवन बनवाएंगे जिससे कि हम यहां के लोगों के प्रवास को सुगम बना सकें।
- हम लोग आने वाले 3 सालों में 2027 तक 25 लाख लखपति दीदी बनाएंगे और हम इंडस्ट्रियल कल्सटर के रूप में 500-500 के सेल्फ हेल्प ग्रुप को जोड़कर के उनके विकास को ताकत देने का काम करेंगे।
- हम मछुआरों के लिए वार्षिक अवकाश में उनकी आर्थिक दृष्टि से 10 हजार रुपए प्रति मछुआरा मदद करेंगे।
- हम वेयर हाउस को सेट करेंगे और प्रोसेसिंग आफ फिशरीज के लिए भी काम करेंगे।
- इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में हम पूरे उड़ीसा में विश्व स्तरीय रोड कनेक्टीविटी के लिए 75000 किमी रोड का निर्माण करेंगे और इसके माध्मम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र को जोड़ने का काम करेंगे।
- हम उड़ीसा की आर्थिक नीति को गति प्रदान करेंगे और इसके माध्यम से हम 2029 तक 3.5 लाख रोजगार के अवसर पैदा करेंगे। हम 2027 तक राउरकेला, संबलपुर, पारादीप और धर्मा को इंडस्ट्रीयल कॅारिडोर के रूप में विकसित करेंगे।
- हम PROSPER ODISHA लाएंगे, जिसका मतलब है Promoting Regional, Opportunities, Sustaining, Entrepreneur Resilience और इसके माध्यम से हम लघु उद्योगों को बढ़ावा देंगे।
- हम भुवनेश्वर, राउरकेला, बहरामपुर और बालासोर में कुल 4 आईटी पार्क बनाएंगे। हम ईवी, सेमीकेडक्टर, आईटी और आईटी के इनेबल्ड सर्विसेज पर विशेष ध्यान देंगे।
- हम इंजीनियरिंग, लीगल और मेडिकल साइंस को बढ़ाने के लिए इन संस्थाओं का सशक्तीकरण करेंगे।
- हम सरकारी संस्थाओं की 1.5 लाख खाली सीटों को भरेंगे और 65000 नई भर्तियों को अगले 5 सालों में कराने का काम करेंगे।
- हम प्राथमिकता के साथ ओबीसी और ईडब्ल्यूएस की भर्ती के वक्त न्याय करेंगे।
- हम केंदु पत्रा तोलई कल्याण योजना के तहत 2 रुपए प्रति कैरी में हम उनसे खरीदेंगे और 35 प्रतिशत बोनस हम केंदु पत्र प्लकर्स को और 10 प्रतिशत बोनस हम बाइंडर्स को देंगे।
- प्रधानमंत्री आवास योजना मे हम 15 लाख घर बनाएंगे और जल जीवन मिशन के तहत 26 लाख घरों को हम हर घर जल हर घर जल देंगे।
- 40 हजार सार्वजनिक स्थलों को हम नल के कनेक्शन देंगे।
- हम महाप्रभु के मंदिर पुरी मंदिर ट्रस्ट के मिसमैनेजमेंट को दूर करके शुचिता लाएंगे और वहां आने वाले भक्तों के लिए हम उसको विश्व स्तरीय बनाएंगे। हम श्री जगन्नाथ मंदिर का जो रत्नभंडार है इसकी चाभी लेकर 4 जून को आएंगे और इसकी जांच करके न्याय दिलाएंगे। हम रत्नभंडार की इन्वेंटरी को भी पब्लिश करेंगे। हम जगन्नाथ मंदिर के चारों दरवाजे भक्तों के लिए खोल देंगे।
- हम पश्चिमी ओडिशा में जीविका के लिए 3 इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क खोलकर लगभग 51 हजार नौकरियां पैदा करेंगे।
- ओडिशा के बुनकर सम्मान निधि के तहत 40 से 60 वर्ष के बुनकरों को प्रतिमाह 3 हजार रुपए और 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुनकरों को 3 हजार 500 रुपए की सहायता राशि उपलब्ध कारवाई जाएगी।
- असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीकरण कर, उन्हें 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाएगा।
- ओडिशा में भाजपा सरकार के गठन के 100 दिनों के भीतर, राज्य में विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत को लागू किया जाएगा और सालाना 8 लाख रुपए से कम कमाने वाले लोगों को योजना में शामिल किया जाएगा।
- आदिवासी विद्यार्थियों को 5 हजार रुपए सालाना प्रदान किए जाएंगे और मुख्यमंत्री सहायता योजना के तहत राज्य के दिव्यांगों और विधवा महिलाओं को 3 हजार रुपए प्रतिमाह और 80 वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्तियों को 3 हजार, 500 रुपए प्रतिमाह की पेंशन राशि मुहैया कराई जाएगी।
- भाजपा सरकार का प्रयास रहेगा कि राज्य के अस्पतालों में 36 हजार बेड बढ़ाए जाएं और आईसीयू तथा डायलिसिस की उपलब्धता को भी बढ़ाएं।
- राज्य में मेडिकल कॉलेज और सुपर स्पैशलिटी अस्पतालों को भी खोला जाएगा।
- ओडिशा के पर्यटन क्षेत्र को भी मजबूती प्रदान की जाएगी।
- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत ओडिशा के हर घर को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी और अतिरिक्त बिजली को सरकार द्वारा खरीदा जाएगा। ■

सूरजपुर (छत्तीसगढ़)

# 'प्रधानमंत्री मोदीजी ने जनजातीय समुदाय की तस्वीर एवं तकदीर बदलने का काम किया है'



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने 5 मई, 2024 को छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और भ्रष्टाचार और कुशासन के लिए कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की आलोचना की। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, प्रदेश संगठन मंत्री श्री रामविचार नेतम, पूर्व सांसद श्रीमती रेणुका सिंह एवं सूरजपुर से लोकसभा प्रत्याशी श्री चिंतामणी महाराज सहित अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे।

श्री नड्डा ने कहा कि गत वर्ष विधानसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत से यह सिद्ध हो गया है कि छत्तीसगढ़ की जनता लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने वाली है। यह चुनाव केवल सांसद चुनने का नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है। यूपीए शासन में कहा जाता था कि इस देश में कुछ नहीं बदलेगा, न ही सरकार और न भारत की दशा। लेकिन पिछले 10 वर्षों के अंदर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास की दिशा और दशा दोनों बदली है और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का समय आ गया है।

> **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आदिवासी समुदाय के लिए बजट में 3 गुना वृद्धि की है जिसके तहत विकास कार्य किए जा रहे हैं, एकलव्य विद्यालयों का बजट 21 गुना बढ़ा है। वन उत्पाद की श्रेणी में पहले केवल 10 चीजें शामिल थीं, लेकिन आज 90 चीजें उस श्रेणी में शामिल हो गई हैं**

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करती है और जो नहीं कहती है उसे भी पूरा करती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की नीति पर काम करके यह देश आगे बढ़ सकता है। कांग्रेस शासन में जनजातीय समुदाय के नाम पर राजनीति की जाती थी, वादे सिर्फ भाषणों तक ही सीमित रह जाते थे, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय समुदाय की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम किया है। आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय समुदाय को आत्मसम्मान देने का काम किया और आदिवासी समुदाय की बेटी को देश का राष्ट्रपति बनाया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आदिवासी समुदाय के लिए बजट में 3 गुना वृद्धि की है, जिसके तहत विकास कार्य किए जा रहे हैं, एकलव्य विद्यालयों का बजट 21 गुना बढ़ा है। वन उत्पाद की श्रेणी में पहले केवल 10 चीजें शामिल थीं, लेकिन आज 90 चीजें उस श्रेणी में शामिल हो गई हैं।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत आदिवासी समुदाय के लिए डेढ़ करोड़ इज्जत घर बनाए गए हैं। आदिवासी उत्पादों के हाट केंद्रों पर बेचने के लिए वनधन योजना के तहत 4 हजार करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। छत्तीसगढ़ के इलाके नक्सलवाद से प्रभावित थे, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नक्सलवाद को खत्म करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार मे सरगुजा में मेडिकल कॉलेज स्थापित किया गया, भिलाई में आईआईटी स्थापित की गई, राजनंदगांव में भारत का सबसे बड़ा बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम खुल रहा है, अमृत भारत के तहत 32 रेलवे स्टेशन बनाए जा रहे हैं और छत्तीसगढ़ के रेलवे के बजट में 22% की वृद्धि हुई है। सूरजपुर में 23 आवासीय स्कूल खोले गए हैं, प्रयास आवासीय स्कूल में नक्सली प्रभावित क्षेत्रों के छात्रों के लिए व्यवस्था की जा रही है, अंबिकापुर के रेलवे स्टेशन का 34 करोड़ रुपए की लागत से नवीनीकरण किया जा रहा है।

श्री नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी, दलितों और आदिवासियों के आरक्षण पर डाका डालकर अपने वोटबैंक को देना चाहती है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि अल्पसंख्यकों को स्पेशल ट्रीटमेंट दिया जाएगा। सब जानते हैं कि कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यक कौन है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस से 3 वादे लिखित में मांगे हैं। पहला— कांग्रेस संविधान के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं करेगी। दूसरा— कांग्रेस एससी, एसटी, ओबीसी और आदिवासियों का आरक्षण छीनकर वर्ग विशेष को नहीं देगी। तीसरा— जहां-जहां भी विपक्ष की सरकारें हैं, वहां पर कांग्रेस पिछले दरवाजे से आरक्षण पर डाका नहीं मारेगी। बाबा साहेब अंबेडकर ने कहा था कि धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा, मगर कांग्रेस एससी, एसटी, ओबीसी और आदिवासियों से आरक्षण छीनकर वर्ग विशेष को देना चाहती है। मगर जब तक भाजपा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हैं तब तक एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण कोई नहीं छीन पाएगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ के सभी भाजपा प्रत्याशियों भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। ■

# 'मोदी सरकार ने सर्वस्पर्शी एवं सर्वसमावेशी विकास का नया अध्याय शुरू किया है'

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने 8 मई, 2024 को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित किया और प्रदेश की सभी 4 सीटों पर भाजपा को विजयी बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सौदान सिंह, केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी श्री अनुराग ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री राजीव बिंदल एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री जयराम ठाकुर सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पन्ना प्रमुख उपस्थित थे।

श्री नड्डा ने कहा कि बाकी सभी पार्टियों ने विचारधारा के साथ समझौता किया, लेकिन भाजपा जनसंघ के रूप में अपनी स्थापना से लेकर आज तक अपनी विचारधारा पर अडिग रही। हम आजादी के बाद से ही 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेगा– नहीं चलेगा' के लिए संघर्षशील रहे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 5 अगस्त, 2019 को धारा 370 को धाराशायी कर जम्मू-कश्मीर को सही मायनों में भारत का अभिन्न अंग बनाया। आज से 34 साल पहले पालमपुर में भाजपा ने अपनी कार्यसमिति बैठक में प्रस्ताव पारित किया था कि हम 'राम मंदिर' का रास्ता प्रशस्त करेंगे। हम नारे लगाते थे— रामलला हम आएंगे, मंदिर वही बनाएंगे। हमारे लिए राम मंदिर राजनीति का मुद्दा नहीं, बल्कि हमारे मन के विश्वास का मुद्दा था।

**आज पूरे भारत में हमारे 8 लाख 60 हज़ार बूथ अध्यक्ष हैं। लोक सभा के 303 सदस्य, राज्य सभा में 97 सदस्य, देश में लगभग 1500 विधायक हैं, 180 के आस-पास हमारे मेयर है, सैकड़ों की संख्या में हमारे जिलाध्यक्ष हैं**

उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने 'एकात्म मानववाद' का सिद्धांत दिया था जिसे हमने 'अंत्योदय' के रूप में आगे बढ़ाया और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उसे हमने और सरल कर 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबके प्रयास' के माध्यम से सर्वस्पर्शी एवं सर्वसमावेशी विकास का नया अध्याय शुरू किया है। अब GYAN के माध्यम से हम इसे एक कदम आगे लेकर जा रहे हैं जिसका मतलब है – गरीबों का विकास, युवाओं की उन्नति, अन्नदाताओं का कल्याण एवं नारी सशक्तीकरण। भाजपा के कार्यकर्ताओं को गर्व महसूस करना चाहिए कि वे भाजपा के सदस्य हैं। आज इस एक मंच पर भाजपा के पन्ना प्रमुख भी हैं, बूथ अध्यक्ष भी हैं, मंडल अध्यक्ष भी हैं, प्रदेश अध्यक्ष भी और राष्ट्रीय अध्यक्ष भी। आज पूरे भारत में हमारे 8 लाख 60 हज़ार बूथ अध्यक्ष हैं। लोक सभा के 303 सदस्य, राज्य सभा में 97 सदस्य, देश में लगभग 1500 विधायक हैं, 180 के आस-पास हमारे मेयर हैं, सैकड़ों की संख्या में



हमारे जिलाध्यक्ष हैं।

श्री नड्डा ने कहा कि गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, दलित, शोषित, युवा और किसान— इनकी तस्वीर आज मोदीजी की नीतियों के कारण बदली है। पहले हिमाचल में 40 सड़कों के निर्माण के लिए मात्र 40 लाख रुपये आते थे और उतने में केवल आधा-आधा किलोमीटर की सड़कें ही बनती थीं, लेकिन जब भाजपा की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार आई तो प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत इसी इलाके की 85 प्रतिशत सड़कों का निर्माण हुआ। आज 1.5 लाख पंचायतों में आप्टिकल फाइबर पहुंचा है, 2 लाख से ज्यादा गांव को आज कॉमन सर्विस सेंटर से जुड़ गए हैं। आज प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक-एक पंचायत में 40-40 घर बने हैं और पूरे देश में गरीबों के लगभग 4 करोड़ घर बने हैं। आप अगर हमारे प्रत्याशियों को जिताएंगे तो 3 करोड़ और घर अगले 5 सालों में बनेंगे। अब आपके बिजली का बिल जीरो करने और कमाई के लिए हम प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के माध्यम से घरों में सोलर पैनल लगवाने का काम कर रहे हैं। पहले लोग जब किसी गंभीर बीमारी के चलते हॉस्पिटल में भर्ती होते थे तो खर्च के लिए लोग विधायकों और सांसदों के यहां सहायता की अर्जी लगाया करते थे, लेकिन आज प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत भारत की 40 प्रतिशत की गरीब आबादी को 5 लाख रुपये तक की मुफ्त इलाज की सुविधा मुहैया करायी जा रही है। जयराम जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने हिमाचल की जनता के लिए इसमें 'हिम केयर योजना' को और जोड़ दिया जिसके तहत लोगों को 5 लाख रुपये का हेल्थ कवर दिया गया।

श्री नड्डा ने सभी पन्ना प्रमुखों से आग्रह किया कि वे घर-घर जाकर सभी माताओं-बहनों और बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त कर, भाजपा द्वारा किए गये विकास कार्यों का उल्लेख करें और भाजपा को हिमाचल प्रदेश की सभी 4 सीटों पर भाजपा को विजयी बनायें। ■

# आंध्र प्रदेश में व्यापक भ्रष्टाचार और अपराधः राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता श्री राजनाथ सिंह ने 05 मई, 2024 को आंध्र प्रदेश के जम्मालामदुगु में एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित किया। श्री सिंह ने मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व में आंध्र प्रदेश में फैले व्यापक भ्रष्टाचार एवं अपराध की आलोचना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केवल भाजपा-टीडीपी की 'डबल इंजन' सरकार ही प्रदेश का विकास सुनिश्चित कर सकती है।

श्री सिंह ने कहा कि यहां कानून व्यवस्था सबसे खराब है, मुख्यमंत्री का गृहनगर होने के बावजूद यहां बलात्कार एवं छेड़छाड़ की घटनाएं लगातार हो रही हैं। ऐसे मुख्यमंत्री को पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश पर 13.5 लाख करोड़ रुपये का कर्ज होने के बावजूद सरकार ने करों में बढ़ोतरी कर जनता पर बोझ डाला है।

## मुख्य बिंदु

- आगामी राज्य चुनाव में भाजपा-टीडीपी गठबंधन का लक्ष्य प्रगति और समृद्धि के लिए डबल इंजन वाली सरकार बनाना है।
- यहां कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब है, जो बलात्कार एवं छेड़छाड़ जैसी घटनाओं की आवृत्ति से स्पष्ट है। गौरतलब है कि ऐसा जब हो रहा है जब यह मुख्यमंत्री का गृह जिला है।
- भाजपा ने हर गरीब व्यक्ति के लिए पानी, बिजली एवं आवास की सुविधा सुनिश्चित की है। हालांकि, वाईएसआरसीपी सरकार केंद्र की पहल को लागू करने में परेशानी पैदा कर रही है।
- प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक प्रगति ने इसे विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ाकर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है।
- भाजपा पूरे देश में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रणाली लागू करेगी।
- इस बार टीडीपी और भाजपा की गठबंधन सरकार बनेगी। ■



# 'प्रधानमंत्री मोदीजी का लक्ष्य 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को हासिल करना है'



रक्षा मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता श्री राजनाथ सिंह ने 08 मई, 2024 को ओडिशा के कालाहांडी एवं रायगढ़ में एक विशाल रैली को संबोधित किया। उन्होंने भ्रष्टाचार के लिए कांग्रेस की आलोचना की और जनता से लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में भाजपा को निर्णायक जीत दिलाने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम के दौरान त्रिपुरा के पूर्व सांसद श्री बिप्लब कुमार देब और अन्य नेता उपस्थित थे।

सभा को संबोधित करते हुए श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि भारत के हर क्षेत्र का तेजी से विकास हो। जब भारत के हर क्षेत्र विकसित होगा, तभी 'विकसित भारत' का सपना साकार हो सकेगा।

## मुख्य बिंदु

- पिछले दशक में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू किये गये सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों ने इस क्षेत्र के लिए हमारी धारणा को काफी हद तक बदल दिया है, लेकिन कुछ साल पहले तक कालाहांडी को भूख, गरीबी और लाचारी के लिए जाना जाता था।
- देश की जनता ने श्री नरेन्द्र मोदी को 400 से अधिक सीटों पर जिताने का निर्णय लिया है, जिससे लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार का गठन सुनिश्चित होगा।
- श्री मोदी का लक्ष्य 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक क्षेत्र में तेजी से विकास करना है।
- जनधन, आधार और मोबाइल की त्रिमूर्ति की स्थापना की गई, जिससे यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक रुपया बिना किसी भ्रष्टाचार के सीधे लोगों के खातों तक पहुंचे।
- भाजपा ने 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वर्गों के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत शामिल करने का संकल्प लिया है।
- श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। ■

## आदिलाबाद और निजामाबाद (तेलंगाना)

# पहले तेलंगाना में बीआरएस भ्रष्टाचार करती थी और अब कांग्रेस कर रही है : अमित शाह

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने 5 मई, 2024 को तेलंगाना के आदिलाबाद और निजामाबाद में आयोजित विशाल रैलियों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले तेलंगाना में बीआरएस भ्रष्टाचार करती थी और अब कांग्रेस कर रही है। इस कार्यक्रम में आदिलाबाद लोकसभा प्रत्याशी श्री गोदाम नागेश, निजामाबाद से लोक सभा प्रत्याशी श्री अरविंद धर्मपुरी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मंच पर उपस्थित रहे।



श्री शाह ने कहा कि तेलंगाना में ए, बी, सी के माध्यम से वर्ग विशेष का तुष्टीकरण होता है जिसमें A का अर्थ ओवैसी, B का अर्थ बीआरएस और C का अर्थ कांग्रेस है। ये लोग भगवान राम की शोभायात्रा पर प्रतिबंध लगाते हैं, हैदराबाद विमोचन दिवस नहीं मनाते, सीएए तथा यूसीसी का विरोध करते हैं और राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भी ठुकरा देते हैं। केसीआर को शराब घोटाले में तेलंगाना की जनता के पैसै के साथ हुई लूट का हिसाब देना होगा। बीआरएस ने तेलंगाना को बर्बाद कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी तेलंगाना को देश का नंबर 1 राज्य बनाने के लिए संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने शासन में आते ही तेलंगाना को कांग्रेस का एटीएम बना दिया है। पहले तेलंगाना में बीआरएस भ्रष्टाचार करती थी और अब कांग्रेस कर रही है। कांग्रेस ने प्रदेश में कई परियोजनाओं को डुबा दिया और आदिलाबाद में पेपर फैक्ट्रियों को भी बंद करवा दिया, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस आदिलाबाद को अपने 130 आकांक्षी जिलों में शामिल किया है। भाजपा ने कांग्रेस द्वारा वर्ग विशेष को दिए गए असंवैधानिक आरक्षण को समाप्त कर एससी, एसटी और ओबीसी को उनके अधिकार वापस देने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने तीन तलाक समाप्त किया, लेकिन राहुल गांधी सत्ता में आने पर तीन तलाक बहाल करने की बात करते हैं। कांग्रेस देश में मुस्लिम पर्सनल लॉ लागू करना चाहती है।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस और बीआरएस हैदराबाद विमोचन दिवस नहीं मनाती थी, लेकिन भाजपा सरकार ने हर वर्ष हैदराबाद विमोचन दिवस मनाने की घोषणा कर दी है। ओवैसी से डरने वाली कांग्रेस तेलंगाना का भला नहीं कर सकती, तेलंगाना का भला सिर्फ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ही कर सकते हैं। ■

## जालना (महाराष्ट्र)

# 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी 23 वर्षों से बेदाग सरकार चला रहे हैं'

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने 8 मई, 2024 को महाराष्ट्र के जालना में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन के भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर महाराष्ट्र उपमुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फड़णवीस, केन्द्रीय मंत्री श्री भागवत कराड, महाराष्ट्र कैबिनेट मंत्री श्री अतुल सावे, महाराष्ट्र भाजपा महामंत्री श्री संजय केनेकर, राज्यसभा सांसद श्री अजीत गोपछडे और जालना सांसद श्री रावसाहेब दानवे पाटिल सहित और अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि आगामी चुनाव देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण चुनाव है। एक ओर, राहुल गांधी के नेतृत्व में 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले करने वाला इंडी गठबंधन है, जिसके झारखंड के एक मंत्री घर से 30 करोड़ रुपए नगद जब्त किए गए हैं और इससे पहले कांग्रेस के सांसद के घर से 350 करोड़ रुपए और ममता बनर्जी के मंत्री के ठिकानों से 50 करोड़ रुपए जब्त किए गए थे। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हैं जो 23 वर्षों से बेदाग और बिना किसी भ्रष्टाचार के आरोप के राज्य और केन्द्र सरकार चला रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना जैसी महामारी में सभी देशवासियों को निःशुल्क टीका लगवाकर, सभी को सुरक्षित किया। एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी लोगों की जान बचा रहे थे, दूसरी ओर कोरोनाकाल में उद्धव ठाकरे के साथी कोरोनाकाल में मरीजों के लिए आए खिचड़ी के पैसों की मलाई खा रहे थे। जालना का स्टील उद्योग न केवल महाराष्ट्र नहीं, बल्कि पूरी भारत की शान है, यहां से पूरे देश भर में स्टील भेजा जाता है। मोदी सरकार के नेतृत्व में महाराष्ट्र उपमुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फड़णवीस के कुशल प्रयासों से जालना के स्टील को पूरी दुनिया में भेजा जा रहा है। जिन (उद्धव ठाकरे) विपक्षी पार्टियों ने औरंगाबाद का नाम संभाजी नगर रखे जाने पर सदैव विरोध किया, आज वे सत्ता में बने रहने के लिए कांग्रेस और शरद पवार के चरणों में पड़े हुए हैं। छत्रपति संभाजी के नाम से औरंगाबाद का नाम बदलने का प्रस्ताव, राम मंदिर बनाने के निर्णय, धारा 370 को हटाना, तीन तलाक को हटाना, इन सभी मुद्दों पर उद्धव ठाकरे चुप्पी साध लेते हैं। उद्धव ठाकरे उस पार्टी का समर्थन कर रहे हैं जो तीन तलाक वापस लाना चाहते है और शरिया के आधार पर इस देश को चलाना चाहते हैं। ■

# एक बार फिर, मोदी सरकारः योगी आदित्यनाथ



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 10 मई, 2024 को भाजपा उम्मीदवार श्री रवि किशन शुक्ला के नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद गोरखपुर के महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी दल, जो लोकसभा चुनाव के तीन चरणों के बाद हतोत्साहित हो चुके हैं और हार मान चुके हैं, भगवान राम पर टिप्पणी करने लगे हैं। उन्होंने आगे कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर बेकार है, जबकि अन्य इसके सार्वजनिक लाभ पर सवाल उठाते हैं। जो लोग आतंकवादियों का समर्थन करते हैं, उन्हें निस्संदेह राम मंदिर के बारे में बुरा लगेगा।

योगीजी ने कहा, 'कांग्रेस, सपा एवं बसपा सभी ने अपनी हार स्वीकार कर ली है। चुनाव प्रचार के दौरान मुझे देशभर के नौ राज्यों में जाने का मौका मिला। पूरे देश में एक ही आवाज गूंज रही है – 'एक बार फिर, मोदी सरकार'।'

उन्होंने कहा कि पूर्व में सत्ता में रहे राजनीतिक दलों के दब्बू रवैये के कारण संकटमोचन मंदिर पर आतंकवादी हमला एवं कचहरी बम विस्फोट हुआ था, जिसमें हजारों लोगों की जान चली गई थी।

## 'रामराज्य सभी समस्याओं का समाधान'

रामराज्य के सिद्धांतों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह समाज के हर वर्ग के लिए समानता एवं सम्मान के साथ सुरक्षा और समृद्धि का सिद्धांत है, जो श्री मोदी के नेतृत्व में भारत में वास्तविकता में परिवर्तित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने लोगों से आत्मनिर्भरता एवं 'विकसित भारत' के लिए भाजपा को वोट देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चुनाव हर वर्ग के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने पिछले दस वर्षों के दौरान गोरखपुर में किए गए विभिन्न विकास परियोजनाओं को भी रेखांकित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दो दिवसीय गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन यानी अक्षय तृतीया के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक किया। ■



# भाजपा जबरदस्त नतीजे दिखाएगीः हिमंत बिस्वा सरमा



असम के मुख्यमंत्री श्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 11 मई, 2024 को पश्चिम बंगाल के बैरकपुर एवं हुबली में विशाल चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण ही हमारा अंतिम लक्ष्य नहीं है, हमारा मिशन ज्ञानवापी परिसर में शिव मंदिर का पुनर्निर्माण करना है, हमें श्री कृष्ण जन्मभूमि का पुनर्निर्माण करना है, और हमारा मिशन देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करना है। इसलिए, हमें संसद में 400 सांसदों की आवश्यकता है।

टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी पर प्रहार करते हुए असम के मुख्यमंत्री ने कहा, "ममता दीदी आप हमेशा पूछती हैं कि हमें 400 सीटों की आवश्यकता क्यों है, हमें पश्चिम बंगाल, कर्नाटक एवं आंध्र प्रदेश में मुस्लिम आरक्षण समाप्त करने के लिए इसकी आवश्यकता है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि ओबीसी आरक्षण केवल हिंदू पिछड़े वर्गों के लिए हो, न कि मुसलमानों के लिए; इसलिए हमें 400 सीटों की आवश्यकता है"। उन्होंने आगे कहा कि "लोकसभा चुनाव हमारे लिए सेमीफाइनल है, हम तब तक आराम नहीं करेंगे जब तक हम पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार नहीं बना लेते।"

असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूर्वोत्तर में हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव हमें जबरदस्त परिणाम दिखाएंगे।

पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र की 25 संसदीय सीटों में से 22 पर भाजपा की जीत होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, "पूर्वोत्तर में भाजपा 25 में से 22 सीटें जीतेगी और असम में भाजपा एवं उसके गठबंधन को 14 में से 12 सीटें मिलेंगी और मैं तो यहां तक कहूंगा कि असम में हमें 13 सीटें भी मिल सकती हैं।"

असम के मुख्यमंत्री श्री सरमा ने ममता बनर्जी से सवाल किया कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के निर्देश के बाद भी वह संदेशखाली मामले की सीबीआई जांच का विरोध क्यों कर रही हैं? उन्होंने कहा, "सुप्रीम कोर्ट और कलकत्ता हाई कोर्ट ने संदेशखाली मामले की सीबीआई जांच का निर्देश दिया है, लेकिन आपको सीबीआई जांच की अनुमति देने में आपको क्या हिचकिचाहट है और आप किसे बचाना चाहते हैं?" ■



# लोकसभा चुनाव-2024 के निमित्त भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा के अभियान की छवियां




# लोकसभा चुनाव-2024 के निमित्त प्रधानमंत्री















श्री नरेन्द्र मोदी के अभियान का विहंगम दृश्य




**लोकसभा चुनाव-2024 के निमित्त रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह एवं केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के अभियान की छवियां**

# सपा-कांग्रेस गठबंधन डूबता जहाजः मोहन यादव



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने 14 मई, 2024 को महोबा-हमीरपुर संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी श्री पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के लिए प्रचार किया और विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि सपा ने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया है, लेकिन यह एक डूबता जहाज है और इसका असफल होना तय है।

उन्होंने कहा, "यदि आपको गठबंधन बनाना है, तो एक ऐसी कश्ती पर सवार हों, जो आपको पार ले जाए। मगर आपका गठबंधन तो एक डूबते जहाज के समान है।" उन्होंने आगे कहा, "इस साल हमारी सरकार बनेगी और मथुरा में भगवान कृष्ण मुस्कुराएंगे।"

पनवाड़ी कस्बे में आयोजित जनसभा में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने भगवान राम और भगवान कृष्ण के कई प्रसंग भी सुनाए, जिससे चुनावी सभा भगवान श्री राम के जयकारों से गूंज उठी।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता ने श्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का फैसला कर लिया है। श्री मोदी ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाया है। उन्होंने आगे कहा कि हम विकास के नए आयाम गढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अनुच्छेद 370 हटाए जाने के समय लोगों में भय पैदा किया। जब अनुच्छेद 370 हटाया जा रहा था तो कांग्रेस ने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो देश में खून की नदियां बहेंगी। श्री यादव ने कहा कि हालांकि पूरा देश धारा 370 का कलंक मिटने पर जश्न मना रहा है। उन्होंने कहा कि कश्मीर के लोग इतने खुश हैं कि पीओके के लोग भी भारत में शामिल होना चाहते हैं, क्योंकि अब पाकिस्तान में गुजारा मुश्किल है। ■



# इंडी ब्लॉक एक 'स्वार्थी गठबंधन' हैः पुष्कर सिंह धामी




उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने 14 मई, 2024 को चंडीगढ़ में कहा कि इंडी ब्लॉक एक अस्थायी गठबंधन है, क्योंकि इसके घटक दल पंजाब में एक-दूसरे के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं और एक-दूसरे पर कीचड़ उछाल रहे हैं, जबकि वे चंडीगढ़ में अपनी सुविधा के अनुसार एक अपवित्र गठबंधन में भी शामिल हैं।

चंडीगढ़ में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री धामी ने कहा कि क्या आपने कभी ऐसा स्वार्थी गठबंधन देखा है? उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी का जिक्र करते हुए पूछा कि यह वह पार्टियां है जो चंडीगढ़ में गठबंधन में लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं, लेकिन पंजाब में एक दूसरे के आमने-सामने हैं।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन को वैचारिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और इसका छिपा हुआ उद्देश्य तथाकथित प्रमुख नेताओं के पारिवारिक हितों के लिए काम करना है, न कि आम लोगों के लिए काम करना।

एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री धामी ने कहा, "क्या आपने कभी ऐसा स्वार्थी गठबंधन देखा है?" मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का जिक्र करते हुए कहा, जो चंडीगढ़ में गठबंधन करके लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं, लेकिन पंजाब में अपने दम पर चुनाव लड़ रही हैं।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वैचारिक चुनौतियों का सामना कर रहा है और इसका गुप्त उद्देश्य तथाकथित मुख्य नेताओं के पारिवारिक हितों के लिए काम करना है, न कि आम लोगों के लिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नज़र लोगों की बचत पर है और वह उसका एक हिस्सा छीनकर अपने पसंदीदा वोट बैंक को देगी। उन्होंने इंडिया ब्लॉक को 'स्वार्थी गठबंधन' करार दिया, जिसमें हर कोई प्रधानमंत्री बनने की ख्वाहिश रखता है। श्री धामी ने कहा कि 1 जून को हमें तय करना होगा कि हमें ऐसा प्रधानमंत्री चाहिए जो गतिशील, सख्त और अडिग हो या ऐसा जो लाचार हो। मजबूत नेतृत्व में दुनिया अब भारत को बहुत सम्मान की नजर से देखती है।

श्री धामी ने कहा कि 'उत्तराखंड नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए)' लागू करने वाला पहला राज्य बन गया है, जिसे राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। अब भाजपा सरकार के सत्ता में आने पर सीएए को पूरे भारत में लागू किया जाएगा। ■

# युवाओं को दिशा देतीं मोदी सरकार की क्रांतिकारी योजनाएं



**अरुण सिंह**

अमृतकाल के इस दौर में भारत को विकसित बनाने का दारोमदार युवाओं पर है। इसलिए 2014 में नरेन्द्र मोदी सरकार के केंद्र में आते ही युवा शक्ति पर विशेष रूप से फोकस किया गया था।

युवाओं के पूर्ण सामर्थ्य को निखारने और पहचान देने के साथ इसे देश के आर्थिक विकास व समृद्धि में उपयोग करने हेतु मोदी सरकार की कई योजनाएं देश में सफलतापूर्वक कार्य कर रही हैं एवं युवाओं को इसका पूर्ण लाभ मिल रहा है। आइये, इन योजनाओं और उसके लाभार्थियों की चर्चा करते हैं—

### कौशल विकास योजना

पीएम कौशल विकास योजना दो तरह के प्रशिक्षणों (शार्ट-टर्म ट्रेनिंग एवं अपस्किलिंग) के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए है। जुलाई, 2015 में प्रारम्भ होने के बाद से अक्टूबर, 2023 तक 1.4 करोड़ से अधिक युवाओं को इस योजना के तहत प्रशिक्षित किया गया है। राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रमोशन योजना युवाओं को उद्योग और नौकरी पर पेशेवर प्रशिक्षण/व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने में मदद करती है एवं इस योजना के माध्यम से 28 लाख से अधिक युवाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

समाज के कम शिक्षित वर्ग को त्वरित रूप से देश के विकास में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जन शिक्षण संस्थान योजना के अंतर्गत गैर-साक्षरों, नव-साक्षरों और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 15-45 वर्ष के आयु वर्ग के 8वीं कक्षा, प्रारंभिक स्तर वाले और 12वीं कक्षा तक स्कूल छोड़ने वाले व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है। वित्त वर्ष 2018-19 से 22.58 लाख से अधिक व्यक्तियों को कौशल प्रशिक्षण से सशक्त बनाया गया है।

### शिक्षण संस्थानों एवं कौशल विकास का मजबूत तंत्र

मोदी सरकार के कार्यकाल में हर साल एक नया IIT और IIM खोला गया, 10 वर्षों में प्रति सप्ताह एक विश्वविद्यालय स्थापित किया गया एवं हर दिन दो कॉलेज स्थापित किये गए। 16 नए IIIT खोलकर डिजिटल इंफ्रा आधारित औद्योगिक क्रांति की दिशा में मजबूत कदम उठाया गया जो चौथी औद्योगिक क्रांति में एक निर्णायक कदम सिद्ध होगा। चिकित्सा क्षेत्र में 53% MBBS सीटों तथा 80% परास्नातक (चिकित्सा) सीटों में बढ़ोतरी करते हुए अधिक डॉक्टरों की आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा एवं रोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

CUET के द्वारा सभी विश्वविद्यालयों में समान प्रवेश परीक्षा सुनिश्चित करते हुए मानकीकरण किया गया। सरकार के प्रयासों से उच्च शिक्षा में महिलाओं का प्रवेश 28% बढ़ा है। कौशल भारत मिशन के तहत देश भर में स्थित 34,468 PMKVY (प्रधानमंत्री कौशल केंद्रों सहित), 309 जन शिक्षण संस्थानों, 15,016 आईटीआई और 42,453 NAPS प्रतिष्ठानों द्वारा कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर भारत को श्रम शक्ति के रूप में स्थापित कर दुनिया भर की रोजगार आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से स्वावलम्बन

स्वावलम्बन से युवाओं को शक्ति प्रदान करते हुए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से छोटे कारोबारी और युवाओं को स्वरोजगार के लिए लोन प्रदान किया गया। कोई भी व्यक्ति जो स्वयं का व्यवसाय शुरू करना चाहता है, तो वह प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के तहत 10 लाख रुपए तक का मुद्रा लोन प्राप्त कर सकता है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत अब तक 19 करोड़ युवाओं को कर्ज दिया जा चुका है। अब सरकार का लक्ष्य योजना का विस्तार करते हुए 30 करोड़ युवाओं तक पहुंचने का है। यानी कि 11 करोड़ नए युवाओं को इस योजना के तहत कर्ज दिया जाएगा। उद्यमियों के लिए बिना गारंटी 50 लाख रुपए तक के ऋण की योजना भी लाई जाएगी।

### रोज़गार सृजन से विकसित भारत

2017 और 2022 के बीच कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में 4.69 करोड़ नए ग्राहकों का शामिल होना रोजगार सृजन का एक प्रत्यक्ष एवं उल्लेखनीय प्रमाण है। 15 करोड़ से अधिक व्यक्तियों को रोजगार देने में एमएसएमई क्षेत्र ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिसमें 3.4 करोड़ महिलाएं हैं। खादी उद्योग ने भी काफी प्रभाव डाला है, 2014 से 2022 तक 1.75 करोड़ से अधिक नई नौकरियां पैदा की हैं, अकेले चालू वित्तीय वर्ष में 9.54 लाख नई नौकरियां पैदा करके एक ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है।

पीएम मुद्रा योजना ने 2015 और 2018 के बीच 1.12 करोड़ अतिरिक्त रोजगार सृजन किया। भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में 2014 और 2019 के बीच लगभग 6.24 करोड़ नौकरियों का सृजन हुआ। पर्यटन क्षेत्र ने महत्वपूर्ण योगदान दिया, 2017 से 2020 तक 1.9 करोड़ अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा कीं। पीएमकेवीवाई ने 24.51 लाख से अधिक युवाओं की नियुक्ति की सुविधा प्रदान की, जबकि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के कारण 9.39 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी मिली।

### स्टार्टअप इंडिया — स्टैंडअप इंडिया

मोदी सरकार की योजनाओं से भारत में इस समय 1.15 लाख से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप हैं, जो 2014 में मात्र 350 थे। स्टार्टअप इंडिया और स्टैंड-अप इंडिया जैसी सरकारी पहल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसके

परिणामस्वरूप 100 से अधिक यूनिकॉर्न भारत में पैदा हुए हैं। 52% स्टार्टअप टियर-2 और टियर-3 शहरों से हैं। ये स्टार्टअप 10.34 लाख से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करते हैं और ई-कॉमर्स, फिनटेक, एडटेक और स्वास्थ्य तकनीक जैसे क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा देते हैं।

### नवाचार को बढ़ावा

आज देश के स्कूलों में 10,000 अटल टिंकरिंग लैब्स जैसे प्लेटफार्मों द्वारा प्रोत्साहित किए जाने पर, 56 विविध क्षेत्रों में नवाचार फल-फूल रहा है और देश में पेटेंट की संख्या में वृद्धि देखी गई है। भारत ने ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 40वां स्थान हासिल किया है, जो विशेष रूप से युवाओं के बीच नवाचार की बढ़ती भावना का प्रमाण है।

### आत्मनिर्भर युवा से आत्मनिर्भर भारत

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम प्रकार के व्यवसाय शुरू करने वालों हेतु है। वे इस योजना के माध्यम से 10 लाख रुपए तक का लोन ले सकते हैं। इसके साथ ही इस योजना में लोन पर 25से 35 प्रतिशत तक की सब्सिडी का भी प्रावधान है। मोदी सरकार ने कोविड से उपजे आर्थिक संकट से देश के युवाओं को निकालने के लिए 'आत्मनिर्भर भारत योजना' की शुरुआत की है। 20 लाख करोड़ रुपए की इस योजना के तहत नौकरी से लेकर व्यवसाय तक के सभी क्षेत्रों को कवर करके लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया।

### डिजिटल इंडिया मिशन

आरोग्य सेतु ऐप को 10 करोड़ से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है। यह देश के डिजिटल आकांक्षाओं की एक बानगी है। इसी डिजिटल सामर्थ्य का प्रयोग करने हेतु सरकार द्वारा 2,74,246 किमी ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क, जो भारत नेट कार्यक्रम का हिस्सा है, ने 1.15 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों को जोड़ा है। डिजिटल विश्व में भारत को आगे ले जाने हेतु मोदी सरकार द्वारा पीएम वाणी योजना लाया गया है।

वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (PM-WANI) से देश भर में सार्वजनिक वाईफाई सेवा का बड़ा नेटवर्क का निर्माण किया जा रहा है जिससे लोगों में रोज़गार को बढ़ावा मिलेगा। ई-स्किल योजना के द्वारा जिस कौशल विकास की संकल्पना साकार हो रही है उनमें गांव के युवा सहभाग कर वैश्विक जरूरतों के अनुरूप कौशल विकास सुनिश्चित कर रही है।

ई-संजीवनी कार्यक्रम 9 लाख से अधिक ऑनलाइन स्वास्थ्य परामर्श पूरा कर चुका है।

### कृषि को युवाओं से जोड़ने की कवायद

युवा उद्यमियों हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में एग्री स्टार्टअप शुरू करने हेतु कृषिवर्धक निधि की स्थापना कर युवाओं को कृषि सामर्थ्य के साथ जोड़कर भारत की कृषि से जुड़ी लगभग 50% आबादी के व्यावसायिक स्तर में सुधार करना तथा GDP में कृषि के योगदान को बढ़ाकर युवा किसानों को बल प्रदान करना। ई-नैम, राष्ट्रीय कृषि बाजार के रूप में एक अखिल भारतीय इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म है जो कृषि वस्तुओं के लिए एक एकीकृत राष्ट्रीय बाजार स्थापित करने के लिए एपीएमसी और अन्य बाजार को जोड़ता है।



### नई शिक्षा नीति से वैश्विक ज्ञान शक्ति बनेगा युवा

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही के स्तंभों पर आधारित है। इस नीति का उद्देश्य एक ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करना है जो सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करके और भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति के रूप में विकसित करके देश के परिवर्तन में सीधे योगदान दे। NEP-2020 के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में 'सकल नामांकन अनुपात को 26.3% (वर्ष 2018) से बढ़ाकर 50% तक करने का लक्ष्य रखा गया है, इसके साथ ही देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में 3.5 करोड़ नई सीटों को जोड़ा जाएगा। छात्रों की प्रगति के मूल्यांकन के लिये मानक-निर्धारक निकाय के रूप में 'परख' (PARAKH) नामक एक नए 'राष्ट्रीय आकलन केंद्र' (National Assessment Centre) की स्थापना की जाएगी।

### खेलो इंडिया से भारत विश्व की नई खेल शक्ति

2017-18 में खेलो इंडिया का प्रारम्भ किया गया था एवं इसका उद्देश्य संगठित प्रतिभा पहचान, मानक खेल प्रतियोगिताओं और बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से जमीनी स्तर पर भारत की खेल संस्कृति में सुधार करना था।

जिला स्तर पर 1,000 से अधिक 'खेलो इंडिया सेंटर' शुरू हो चुके हैं। मोदी सरकार ने योग्य 23 लाख स्कूली छात्रों को खेल के क्षेत्र में आवश्यक अवसर प्रदान कर रही है। 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' के तहत खिलाड़ियों को प्रति माह 50,000 रुपये का भत्ता, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, आवश्यक तकनीकी सुविधाएं, सामग्री और उपकरण दिए जाते हैं। सरकार ने 'खेलो इंडिया' के तहत प्रति एथलीट प्रति वर्ष 6.28 लाख रुपये का भुगतान करने का प्रावधान किया है।

मोदी सरकार हर संभावित क्षेत्र में युवाओं की प्रतिभा और क्षमता को निखारने का प्रयत्न कर रही है, जिससे कि युवा अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के साथ ही अपने आर्थिक एवं सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए देश के विकास में अपना योगदान सुनिश्चित कर सकें। ■

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हैं)

# बदलती दुनिया में कहां खड़ा है भारत



एस. जयशंकर



आज दुनिया में काफी उथल-पुथल मची है। कई देश कोविड महामारी से हुए सामाजिक-आर्थिक नुकसान से उबरने में लगे हैं। यूक्रेन में चल रहे संघर्ष से ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ा है। अक्टूबर 2023 में इस्राइल पर हुए आतंकी हमले से पश्चिम एशिया में शुरू हुई लड़ाई गंभीर और व्यापक रूप ले सकती है। लाल सागर में ड्रोन और मिसाइल हमले वैश्विक शिपिंग को अस्त-व्यस्त कर रहे हैं। यहां तक कि अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती की नई लहर और खतरनाक हो गई है। एशिया में क्षेत्रीय दावे और कानूनों और समझौतों की अवहेलना ने नए तनाव पैदा कर दिए हैं।

भारत के लिए ज्यादा अनिश्चितताएं चीन के साथ LAC (Line of Actual Control) पर दबाव, सीमा पार से आतंकवाद के खतरे और म्यांमार की सीमा पर अस्थिरता से बढ़ी हैं। हालांकि इनमें से प्रत्येक को उचित प्रतिक्रिया दी गई है। लेकिन कुल मिलाकर ये स्थितियां आने वाले दिनों में एक मजबूत, समझदार और सक्षम नेतृत्व की जरूरत को स्पष्ट करती हैं।

कोविड युग ने अति-केंद्रीकरण के खतरों को प्रदर्शित किया है, चाहे वो manufacturing sector हो या technology। महत्वपूर्ण और उभरती टेक्नॉलजी का दायरा इसे और गंभीर बना देता है। ऐसे में अच्छा यही होगा कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था भी जोखिम से मुक्त हो। ऐसा केवल विभिन्न क्षेत्रों में 'मेक इंडिया' को गति देने व लचीली और विश्वसनीय सप्लाई चेन से जुड़कर ही किया जा सकता है।

> **आज भारत अपने उम्दा बुनियादी ढांचे, बेहतर कारोबारी माहौल और अपेक्षित प्रतिभा की बदौलत आकर्षक निवेश गंतव्य है, लेकिन इसकी वजह हमारी राजनीतिक स्थिरता और नीतिगत पूर्वानुमान है। पिछले दशक में जमीनी स्तर पर सुधार और डिलिवरी ही विदेशों में हमारी विश्वसनीयता के स्रोत रहे हैं। कई मायनों में वैश्वीकरण ने एक अंतरराष्ट्रीय वर्कप्लेस भी बनाया है, जिसका उपयोग भारत अपनी बेहतरी के लिए कर सकता है। इसके लिए हमारे कौशल बेस को बढ़ाना, मोबिलिटी समझौते करना और विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा अहम तत्व हैं**

डिजिटल क्षेत्र में भारत को एक विश्वसनीय और पारदर्शी देश के रूप में अपने रेकॉर्ड को और आगे ले जाना है। इसका मतलब हमें सेमीकंडक्टर क्षमताओं को बढ़ाना और सही डेटा पॉलिसी को अपनाना होगा। खुद को आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, ड्रोन, अंतरिक्ष और ग्रीन टेक्नॉलजी के युग के लिए भी तैयार करना होगा। साथ ही, देश की स्वास्थ्य, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना होगा। इसके लिए दूरदर्शी नेतृत्व की जरूरत है, जो टेक्नॉलजी की परिवर्तनकारी क्षमता को समझता हो और मजबूत विकास के लिए प्रतिबद्ध हो।

आज भारत अपने उम्दा बुनियादी ढांचे, बेहतर कारोबारी माहौल और अपेक्षित प्रतिभा की बदौलत आकर्षक निवेश गंतव्य है, लेकिन इसकी वजह हमारी राजनीतिक स्थिरता और नीतिगत पूर्वानुमान है। पिछले दशक में जमीनी स्तर पर सुधार और डिलिवरी ही विदेशों में हमारी विश्वसनीयता के स्रोत रहे हैं। कई मायनों में वैश्वीकरण ने एक अंतरराष्ट्रीय वर्कप्लेस भी बनाया है, जिसका उपयोग भारत अपनी बेहतरी के लिए कर सकता है। इसके लिए हमारे कौशल बेस को बढ़ाना, मोबिलिटी समझौते करना और विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा

शेष पृष्ठ 30 पर...

# समग्र विकास को समर्पित सरकार



हरदीप सिंह पुरी

पिछले स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से अपने संबोधन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प लिया कि वर्ष 2047 में जब देश स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा होगा तब तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। दस वर्ष पहले तक यह दावा असंभव लगता। वर्ष 2013 में भारतीय अर्थव्यवस्था को 'फ्रैजाइल फाइव' करार देकर नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाने लगा। उसके उलट भारत अभी विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी आर्थिकी बनने की राह पर है। यह कैसे संभव हुआ? पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार ने विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक कल्याण कार्यक्रम लागू किया है, जिसका उद्देश्य लोगों के जीवन की गुणवता बढ़ाने और देश की उत्पादक क्षमता में सुधार लाना है। सरकार का दृष्टिकोण उसकी 'परिपूर्णता की राजनीति' में निहित है, जिसमें बुनियादी ढांचा सुरक्षा, ऊर्जा सामर्थ्य, हरित अर्थव्यवस्था, डिजिटल कनेक्टिविटी और विनीय समावेशन पर जोर है। योजना बनाना एक बात है और उसे धरातल पर उतारना दूसरी बात। मोदी सरकार इन दोनों ही मोर्चों पर खरी उतरी है। परिणामस्वरूप पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी के दायरे से बाहर निकले हैं। 'मोदी की गारंटी' आम नागरिकों को उम्मीदों और आकांक्षाओं के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

इस सफलता में हमारे समाज के चार स्तंभों गरीब, युवा, अन्नदाता और महिलाओं का सशक्तीकरण महत्वपूर्ण रहा है। एक समय गरीबी के चलते पहचाना जाने वाला भारत अब समृद्धि की राह पर है। गरीबों की भलाई के लिए कोविड महामारी के समय मोदी सरकार ने 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त राशन देने की जो पहल की थी वह अगले पांच वर्षों तक जारी रहेगी। शहरी क्षेत्र में पीएम स्वनिधि योजना ने उन स्ट्रीट वेंडरों को राहत प्रदान की, जिनके सामने एकाएक रोजगार की चुनौतियां आ गई थीं। इस योजना में अब तक 63 लाख से अधिक लाभार्थियों को 11,300 करोड़ रुपये ऋण प्रदान किया है। साथ ही इसने शहरी गरीबों को डिजिटल रुप से साक्षर होने में सक्षम बनाया है। पीएम किसान और पीएम फसल बीमा जैसी योजनाओं से आज 11 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदीजी के नेतृत्व में लैंगिक समानता के प्रमुखता दी जा रही है। लंबे समय से प्रतीक्षित नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पारित होना महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत 11 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया और जल जीवन मिशन एवं अमृत मिशन के तहत लगभग 14 करोड़ नल-जल कनेक्शन दिए गए। एक दशक पहले तक नल से जल की पहुंच केवल 17 प्रतिशत परिवारों तक थी, जो आंकड़ा बढ़कर अब 70 प्रतिशत तक हो गया है। पीएम आवास योजना के तहत लगभग चार करोड़ आवास निर्मित किए गए हैं। मोदी सरकार ने तीसरे कार्यकाल में तीन करोड़ और नए घर बनने का वादा किया है। उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्शन मंजूर किए जा चुके हैं, जिससे धुआं-रहित रसेई की सुविधा लगभग सभी तक पहुंच चुकी है, जो 2014 तक केवल 55.9 प्रतिशत परिवारों तक सीमित थी। महिलाएं इन योजनाओं की सबसे बड़ी लाभार्थी बनकर उभरी हैं, जिसने उनके जीवन को गरिमापूर्ण तरीके से सुगमता प्रदान की है।

> **सामाजिक कल्याण योजनाओं के साथ-साथ बुनियादी ढांचे पर भी जोर दिया गया है। 2013-14 की तुलना में पूंजीगत व्यय में लगभग तीन गुना वृद्धि हुई हैं, जो 3.92 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 11.1 लाख करोड़ रुपये हो गया है**

वहीं, आयुष्मान भारत जैसी योजना के माध्यम से स्वास्थ्य पर खर्च करीब 25 प्रतिशत कम हो गया है। निम्न-मध्यम वर्गीय भारतीयों को बीमारी के चलते गरीबी का दोहरा झटका झेलना पड़ता था, लेकिन इस योजना के जरिये प्रति वर्ष 55 करोड़ से अधिक व्यक्तियों को पांच लाख रुपये तक की मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इससे भारतीय परिवारों को सालाना लगभग 60,000 करोड़ रुपये की बचत हुई है।

सामाजिक कल्याण योजनाओं के साथ-साथ बुनियादी ढांचे पर भी जोर दिया गया है। 2013-14 की तुलना में पूंजीगत व्यय में लगभग तीन गुना वृद्धि हुई हैं, जो 3.92 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 11.1 लाख करोड़ रुपये हो गया है। राजमार्गों की लंबाई 60 प्रतिशत बढ़ गई है। समूचे ग्रामीण इलाकों में करीब-करीब पक्की सड़कें बन गई हैं। सभी गांवों तक बिजली पहुंच गई है। हवाई अड्डों की संख्य दोगुनी हो गई है। मेट्रो रेल नेटवर्क लगभग चौगुना हो गया है। विश्व बैंक रैंकिंग के अनुसार हमारे लाजिस्टिक और औद्योगिक परिचालन में काफी सुधार हुआ है। देश में 390 नए विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। सात नए आइआइएम और आइआइटी की स्थापना की गई है। एम्स की संख्या में तिगुनी वृद्धि हुई है। 51 करोड़ से अधिक जनधन खाते खोले गए हैं। जनधन, आधार और मोबाइल यानी जैम के जरिये 33.43 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम सीधे



लाभार्थियों के खातों में भेजी गई है। जीएसटी, आइबीसी, परिसंपति मौद्रीकरण, श्रम कानून सुधार, स्टार्टअप इंडिया और पीएलआइ जैसे आर्थिक नीतियां अर्थव्यवस्था का कायाकल्प करने वाली सिद्ध हुई हैं। प्रति व्यक्ति आय भी छह गुना बढ़कर 15,000 डालर तक पहुंचने की संभावना है। वैश्विक निवेशक भी इस आशावाद को साझा करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप भारत को रिकार्डतोड़ एफडीआइ प्राप्त हो रहा है। घरेलू शासन के साथ-साथ वैश्विक शासन के मामले पर भी प्रधानमंत्री मोदीजी के राजनैतिक कौशल और दूरदर्शिता को सार्वभौमिक प्रशंसा मिली है।

मोदी सरकार की उपलब्धियां यही सिद्ध करती है कि सामाजिक न्याय को चरितार्थ करने वाली सर्वसमावेशी नीति ही विकसित भारत के सपने को साकार करने में सक्षम है। हमें विकास के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए देशहित में सक्रिय रहना होगा। 'राष्ट्र प्रथम' हमारे लिए सर्वोच्च मंत्र है। ■

(लेखक केंद्रीय पेट्रोलियम एवं शहरी कार्य मंत्री हैं)

---

**पृष्ठ 28 का शेष ...**

अहम तत्व हैं।

यह स्वाभाविक है कि दुनिया भारतीय लोकसभा चुनाव में गहरी दिलचस्पी ले। आखिरकार यह मानव इतिहास की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। यह चुनाव बाकी देशों के लिए एक बढ़ते प्रभाव वाले देश में आयोजित हो रहा है। इसके अलावा, हमारी चुनावी मशीनरी की क्वॉलिटी अन्य देशों के लिए उदाहरण है। महत्वपूर्ण है कि चुनाव में दिलचस्पी और हस्तक्षेप के बीच की रेखा को समझा जाए और उसका सम्मान किया जाए। जब अधिक जिम्मेदार लोग चुनिंदा मुद्दों पर टिप्पणी करते हैं, तो वे स्वयं के निहितार्थों को भी ध्यान में रखते हुए ऐसा कर सकते हैं। यह जीवन की सचाई है कि कई अन्य गतिविधियों की तरह ही राजनीति का भी वैश्वीकरण हो गया है, लेकिन व्यवस्था की आलोचना करने वाले अपने घरेलू चुनाव के नतीजों को प्रभावित करने के लिए अगर बाहरी ताकतों को आमंत्रित करते हैं तो इससे हमें कोई लाभ नहीं होगा।

यह अमृत काल का पहला आम चुनाव है और युवाओं को इसके महत्व को पहचानना होगा। पिछले दशक ने हमें विकसित भारत के लिए गंभीरता से उम्मीद करने को एक आधार दिया है। हमारे विकास की नई गति को इसकी समावेशी प्रकृति और प्रौद्योगिकी की छलांग लगाने वाली क्षमता से बल मिला है। पहले के विपरीत, सुधार और आधुनिकीकरण को संकीर्ण रूप से परिभाषित नहीं किया गया है, लेकिन इसमें डोमेन की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। मानव संसाधनों का पोषण, entrepreneurship को बढ़ावा देना और जीवनयापन की आसानी को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

औपचारिक और अनौपचारिक, अर्थव्यवस्था के दोनों ही क्षेत्रों में अवसर बढ़ रहे हैं। यहां तक कि नए फोकस क्षेत्र और वैल्यू एडिशन भी सामने आ रहे हैं। दुनिया ध्यान दे रही है कि हमारी डिजिटल रूप से सक्षम डिलिवरी ने बड़े पैमाने पर सोशल वेलफेयर सिस्टम (सामाजिक कल्याण प्रणाली) बनाया है, जिसकी पहले कल्पना नहीं की जा सकती थी। चाहे कोवैक्सीन हो या कोविन, 5G स्टैक या UPI, चंद्रयान या गगनयान मिशन, हम तेजी से वैश्विक मानकों से मेल बना रहे हैं।

जैसे-जैसे भारत अपने भविष्यों के बारे में निर्णय लेने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, यह जरूरी है कि हम सभी इसे पूरी तरह से समझें कि दांव पर क्या लगा है। भारत न केवल दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है, बल्कि यह पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी है, जिसके जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावना है। दुनिया चुनौतियां और अवसर दोनों प्रदान करती है और उन्हें व्यापक रूप से संबोधित करने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ आत्मविश्वास और अनुभवी नेतृत्व की आवश्यकता है। जैसे ही हम अपनी राजनीतिक पसंद व्यक्त करते हैं, हम वैश्विक व्यवस्था की दिशा भी तय कर रहे होते हैं। दुनिया इंतजार कर रही है और उम्मीद कर रही है कि फैसला स्पष्ट और निर्णायक होगा। ■

(लेखक विदेश मंत्री हैं)




# मध्यम वर्ग और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में सुगमता

- मध्यम-वर्ग परिवारों को हम कम दर में आवास, सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं, अच्छी शिक्षा, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगे।
- RERA से रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता आई। हम आगे भी पंजीकरण की कीमतों को कम करना, निर्माण की लागत कम करना, आसानी से नक्शा पास कराना इत्यादि जैसे कार्य करेंगे।
- हम भारत के स्टार्टअप्स का विस्तार टियर-2 और टियर-3 शहरों में करेंगे। हम भारत को पर्यटन हब व सर्विसेज के वैश्विक केंद्र (ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर) बनाएंगे, जिससे पूरे देश में हाई वैल्यू रोजगार के अवसर सृजित होंगे।
- हम AIIMS, आरोग्य मंदिर और जन औषधि केन्द्रों जैसी व्यवस्थाओं का विस्तार करके हमारे मध्यम-वर्गीय परिवारजनों के स्वस्थ जीवन की गारंटी देते हैं।
- हम उच्च शिक्षण संस्थानों का विस्तार एवं भारत में विश्वविद्यालयों को विश्व स्तरीय बनाकर शिक्षा में गुणवत्ता को बढ़ावा देंगे और नए IITs, IIMS और AIIMS भी स्थापित करेंगे। हम शैक्षणिक और व्यावहारिक कौशल को जोड़ने के लिए एक इंटर्नशिप कार्यक्रम भी शुरू करेंगे।
- हम आधुनिक सड़क नेटवर्क, आधुनिक रेल नेटवर्क, इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशन, नए हवाई अड्डों, किफायती 5G और 6G टेक्नोलॉजी पर ध्यान केन्द्रित करके मध्यम-वर्गीय परिवारजनों के जीवन को सुगम बनायेंगे।
- हम वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत में शामिल करके गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे।
- हम राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक पोर्टल शुरू करेंगे। इसके माध्यम से वरिष्ठ नागरिक अपने ज्ञान और अनुभव को सभी के साथ साझा कर सकेंगे।
- हम विभिन्न प्रदेश सरकारों के साथ काम करके वरिष्ठ नागरिकों के लिए भावपूर्ण एवं सुगम तीर्थ यात्रा की व्यवस्था करेंगे।
- हम नागरिकों को किफायती और सुरक्षित परिवहन प्रदान करने के लिए पीएम-ईबस सेवा का विस्तार करेंगे।
- हम शहरों को पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए ग्रीन स्पेस विकसित करेंगे और 'वेस्ट टू वेल्थ' मिशन के माध्यम से कचरे के प्रबंधन के लिए खुले लैंडफील्ड खत्म करने की दिशा में काम करेंगे।
- हम भारत के शहरों में बड़े कन्वेंशन सेन्टरों का विकास कर भारत को ग्लोबल कॉन्फ्रेंस एवं एग्जीबिशन का डेस्टिनेशन बनाएंगे। ■








# संकल्प पत्र 2024

## विश्व बंधुत्व व सुरक्षित भारत

- हम प्रधानमंत्री जी के 5 एस विजन– सम्मान, संवाद, सहयोग, शांति और समृद्धि के माध्यम से ग्लोबल साउथ की आवाज बनकर भारत की स्थिति को और अधिक मजबूत करेंगे।
- हम भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्यता हासिल करवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हम अपने मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यक्रमों को जारी रखते हुए एक भरोसेमंद भागीदार और फर्स्ट रेस्पॉन्डर के रुप में भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाएंगे।
- हम आतंकवाद से निपटने के सभी प्रयासों पर संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के बीच एक आम सहमति विकसित करने के प्रयासों को जारी रखेंगे। 'नो मनी फॉर टेरर' सम्मेलन की सफलता के आधार पर हम टेरर फाइनेंसिंग के खिलाफ समन्वय सुनिश्चित करेंगे।
- हम सभी की सुरक्षा और विकास के लिए इंडो पेसिफिक क्षेत्र के देशों के साथ सहयोग जारी रखेंगे।
- हम भारत मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर के माध्यम से यूरोप तक कनेक्टिविटी को बढ़ावा देकर व्यापार और सेवाओं को सुविधाजनक बनाएंगे।
- हम भारत के अवैध रूप से ले जाई गई भारतीय मूर्तियां और कलाकृतियों को वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हम सभी देशों में भगवान राम की मूर्ति और अमूर्त विरासत को बढ़ावा देने के लिए सहयोग करेंगे। हम रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के स्मरण में दुनिया भर में उत्साह के साथ रामायण उत्सव मनाएंगे।
- हमने सेना में बेहतर समन्वय के लिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ

(सीडीएस) का पद स्थापित किया है। हम सेवा के कुशल संचालन के लिए सैन्य थिएटर कमांड की स्थापना करेंगे।

- हम भारत-चीन, भारत-पाकिस्तान और भारत-म्यांमार सीमाओं पर मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर का समयबद्ध विकास सुनिश्चित करेंगे एवं टेक्नोलॉजी के उपयोग से फैलिंग को अधिक स्मार्ट बनाएंगे।
- हम नशीले पदार्थों के प्रसारण करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेंगे। बिग डाटा एनालिटिक्स, एआई, ड्रोन और सैटलाइट इमेजरी के माध्यम से ड्रग्स की तस्करी को न्यूनतम स्तर तक ले जाने का प्रयास करेंगे।
- भारत के नागरिकों की सुरक्षा और न्याय के लिए हमने भारतीय न्याय संहिता पारित किया है, इस कानून को व्यापक रूप से लागू करने के लिए प्रशिक्षण, ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स, विश्वविद्यालय में विधि विभाग में नए पाठ्यक्रम इत्यादि कई प्रभावी कदम उठाएंगे।
- हमने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लागू करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। इससे सभी पात्र व्यक्तियों को नागरिकता प्रदान करेंगे। सजा से न्याय की ओर बढ़ने, वर्तमान कन्वैक्शन रेट को और सुधारने एवं फॉरेंसिक प्रणाली को मजबूत करने के लिए हम एक राष्ट्रीय फॉरेंसिक मिशन की शुरुआत करेंगे।
- हम रणनीतिक स्थान पर भारत के रक्षा फुटप्रिंट का विस्तार करके हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए मित्र देशों के साथ साझेदारी करेंगे।
- हम भारत की साइबर सुरक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने के लिए साइबर सुरक्षा नीतियां लाएंगे। ■



# संकल्प पत्र 2024




# नारी शक्ति का सशक्तीकरण

- हमने एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया है। अब हम तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनायेंगे।
- हम महिला SHG को एक जिला-एक उत्पाद, एफपीओ, एकता मॉल, एक स्टेशन-एक उत्पाद जैसी योजनाएं एवं ओएनडीसी, GeM पोर्टल से जोड़कर उनके उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाने की व्यवस्था करेंगे।
- हम औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण करेंगे, जिसमें शिशुगृह जैसी बुनियादी सुविधाएं होंगी।
- हमारी महिला खिलाड़ियों ने देश का मान बढ़ाया है। हम महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए इससे जुड़े कार्यक्रमों और सुविधाओं का विस्तार करके महिलाओं की खेलों में बढ़ती भागीदारी को सुनिश्चित करेंगे।
- हमने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण करके महिलाओं को सम्मानजनक जीवन प्रदान किया है। अब हम महिलाओं की गरिमा, स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण और रख-रखाव सुनिश्चित करेंगे।
- एनीमिया, स्तन कैंसर, ऑस्टियोपोरोसिस, सर्वाइकल कैंसर जैसी समस्याओं पर विशेष ध्यान देकर महिलाओं के स्वस्थ जीवन के लिए और अधिक प्रयास करेंगे। एक विशेष अभियान चलाकर महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर को पूर्णतः दूर करेंगे। हम नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक को व्यवस्थित रूप से लागू करेंगे और लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करेंगे।
- हमने पुलिस स्टेशन में शक्ति डेस्क (महिला हेल्प डेस्क) स्थापित किया है। अब हम शिकायतों की समयबद्ध जांच और समाधान के लिए इनका विस्तार करेंगे।
- हम इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम (आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली) का विस्तार करके आपातकालीन हेल्पलाइन 112 की क्षमता को बढ़ाएंगे। ■



# संकल्प पत्र 2024




# 'युवाओं को अवसर' मोदी की गारंटी

- मोदी सरकार ने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है।
- बीते 10 सालों में सरकारी भर्ती परीक्षाओं का पारदर्शी आयोजन कर लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियों में भर्ती किया गया है।
- मोदी सरकार में PLI और मेक इन इंडिया से मैन्युफैक्चरिंग एक प्रमुख आर्थिक क्षेत्र के रूप में उभरा है।
- इंफ्रास्ट्रक्चर में अभूतपूर्व निवेश के माध्यम से रोजगार के लाखों अवसर पैदा हुए हैं। मोदी सरकार रोजगार वृद्धि के लिए यह निवेश जारी रखेगी।
- भारत को हाई-वैल्यू सर्विसेज का हब बनाने के लिए और नए ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी), ग्लोबल टेक सेंटर (जीटीसी) और ग्लोबल इंजीनियरिंग सेंटर (जीईसी) स्थापित करेंगे।
- मुद्रा जैसी क्रेडिट योजनाओं का विस्तार करके युवाओं को उद्यम शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे। साथ ही मौजूदा क्रेडिट सीमा को बढ़ाकर 20 लाख रुपये तक करेंगे।
- कनेक्टिविटी में सुधार और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण जैसे सफल प्रयासों से पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।
- 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए आईओए (IOA) को समर्थन देने और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी के लिए स्टेडियम के साथ अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र एवं इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करेंगे।
- मोदी सरकार ने सेवानिवृत्त खिलाड़ियों के लिए एक नया कार्यक्रम शुरू करके उन्हें शैक्षिक, रोजगार और पदोन्नति के उपयुक्त अवसर प्रदान करेगी।



- मोदी सरकार खेलो इंडिया योजना में भारत के पारंपरिक खेलों को शामिल करेगी।
- मोदी सरकार 'आत्मनिर्भर भारत' को बढ़ावा देने के लिए भारत में खेल के उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहित करेगी।
- मोदी सरकार भविष्य के एथलीटों को तैयार करने के लिए खेलो इंडिया योजना का विस्तार करती रहेगी।
- खेलों के क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा देंगे और खेल में तकनीकी इकोसिस्टम का निर्माण करने में मदद करेंगे।
- प्रधानमंत्री तकनीक आधारित शिक्षा सुविधाओं का विस्तार करेंगे, जैसे स्वयं (SWAYAM), स्वयं प्रभा (SWAYAM PRABHA) और दीक्षा (DIKSHA)I
- मोदी सरकार ने डिजिटल पहलों की सफलता को देखते हुए डिजिटल विश्वविद्यालय स्थापित करके निःशुल्क पाठ्यक्रमों के साथ कौशल विकास के अवसर देंगे।
- पीएम श्री, एकलव्य और अन्य शिक्षण संस्थानों का नेटवर्क विश्वस्तरीय बनाया जाएगा। प्री-स्कूल से माध्यमिक स्तर तक स्कूल में हर बच्चे को शामिल करने की कोशिश करेंगे।
- मोदी सरकार NEP 2020 के अनुसार उच्च शिक्षा में उभरती तकनीकी का ज्ञान देने वाले डायनामिक पाठ्यक्रम बनाएगी।
- 'वन नेशन-वन स्टूडेंट ID को पूरी तरह से लागू कर प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक के छात्रों की एकेडमिक क्वालिफिकेशन, क्रेडिट स्कोर और प्रमाणपत्रों को संगृहीत करने के लिए ऑटोमेटेड परमानेंट ऐकेडमिक अकाउंट रजिस्टर (APAAR) का उपयोग करेगा। ■






# किसान एवं मत्स्य क्षेत्र का विकास



- मोदी सरकार ने किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 6000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान की है तथा सरकार किसानों को निरंतर वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।
- मोदी सरकार फसल के नुकसान का शीघ्र और सही मूल्यांकन, समयबद्ध भुगतान और किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग करेगी।
- मोदी सरकार मछली उत्पादन और सीफूड निर्यात को बढ़ाने के लिए पीएम मत्स्य सम्पदा योजना का विस्तार करेगी।
- मोदी सरकार भारत को दाल (जैसे अरहर, उड़द, मसूर, मूंग और चना) और खाद्य तेल (जैसे सरसों, सोयाबीन, तिल और मूंगफली) के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए अन्नदाताओं को समृद्ध बनाएगी।
- मोदी सरकार अन्नदाताओं को जरूरी कृषि इनपुट प्रदान करके पौष्टिक सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन देगी। साथ ही प्याज, टमाटर, आलू आदि जैसी आवश्यक सब्जियों के उत्पादन के लिए नए क्लस्टर स्थापित होंगे तथा इनके लिए



भंडारण और वितरण की सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

- मोदी सरकार ने प्रमुख फसलों के लिए एमएसपी में अभूतपूर्व वृद्धि की है। समयबद्ध तरीके से एमएसपी में वृद्धि को जारी रखा जाएगा।
- अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष की सफलता के आधार पर खाद्य सुरक्षा, पोषण सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए श्री अन्न (मिलेट्स) को बढ़ावा देंगे और भारत को अंतरराष्ट्रीय मिलेट हब बनाएंगे।
- शीघ्र और सही मूल्यांकन, समयबद्ध भुगतान और त्वरित समस्या समाधान को तकनीक के माध्यम से सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए मोदी सरकार पीएम मत्स्य सम्पदा योजना का विस्तार करके बीमा कवरेज को बढ़ाएगी।
- मोदी सरकार ने मिलेट (श्री अन्न) को वैश्विक मान्यता दिलाई है। अब श्री अन्न को विश्व सुपरफूड के रुप में स्थापित किया जाएगा। श्री अन्न की पौष्टिकता और स्वास्थ्य के लाभों को रेखांकित करने के लिए अनुसंधान और जागरूकता को भी बढ़ावा दिया जाएगा।
- मोदी सरकार प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन शुरु करेगी, जिसके अंतर्गत लाभकारी खेती, पर्यावरण सटक्षण एवं खाद्य और पोषण सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी।
- मोदी सरकार भंडारण सुविधाओं, सिंचाई, ग्रेडिंग और सॉर्टिंग इकाइयों, कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं और फूड प्रोसेसिंग जैसी कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर की एकीकृत योजनाओं के समन्वित कार्यान्वयन के लिए एक कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन शुरू करेगी।
- पीएम कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत 25.5 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता में वृद्धि हुई है। मोदी सरकार कुराल जल प्रबंधन के लिए टेक्नोलॉजी के सही उपयोग के साथ सिंचाई क्षमताओं का विस्तार करेगी।
- कृषि भूमि को उपजाऊ बनाए रखने में नैनो यूरिया की बहुत अहम भूमिका है, मोदी सरकार इसके उपयोग का और विस्तार करेगी।
- मोदी सरकार 5 वर्षों में चारा बैंकों, दूध परीक्षण प्रयोगशालाओं, बल्क मिल्क फूलर और दूध प्रसंस्करण की सुविधाओं के साथ गांवों में डेयरी सहकारी समितियों के नेटवर्क का विस्तार करेगी।
- मोदी सरकार में अपने किसानों को डिजिटल समाधान प्रदान करने के लिए केवीके को अपग्रेड किया है। अब सभी कृषि विज्ञान केंद्रों को कौशल विकास के वन-स्टॉप सेंटर में अपग्रेड किया जाएगा।
- मोदी सरकार तटीय समुदाय की महिलाओं के कल्याण पर विशेष ध्यान देते हुए मछली पालन आदि क्षेत्रों में प्रॉडक्शन और प्रोसेसिंग क्लस्टर विकसित करेगी।
- मत्स्य पालकों की आय बढ़ाने के लिए पीएम मत्स्य समादा योजना के अंतर्गत सी-वीड की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा।
- मोदी सरकार न्यूक्लियस बोडिंग केंद्रों और वूड बैंकों के नेटवर्क की स्थापना से मत्स्य पालन क्षेत्र में उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाएगी।
- मोदी सरकार मछुआरा समुदाय की सुरक्षा एवं अन्य सेवाओं के लिए सैटेलाइट इमेजरी का एक विशेष कार्यक्रम शुरू करेगी।



# गरीब कल्याण
# भाजपा का संकल्प




मोदी सरकार 2020 से 80+ करोड़ परिवारों को मुफ्त राशन दे रही है। अगले 5 वर्षों तक पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मुफ्त राशन प्रदान किया जाएगा।

- मोदी सरकार ने सब्जियों और दालों के लिए मूल्य स्थिरीकरण कोष (प्राइस स्टेबलाइजेशन फंड) स्थापित किया तथा दाल, खाद्य तेलों और सब्जियों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनकर गरीब को गुणवत्तापूर्ण अन्न पहुंचाने के प्रयासों को जारी रखा जाएगा।
- मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत के अंतर्गत गरीब परिवारों को 5 लाख रुपये तक का गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य इलाज प्रदान किया है। निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने का प्रयास जारी रखा जाएगा।
- मोदी सरकार में 4+ करोड़ गरीब परिवारों को पक्का घर दिया गया। इस योजना के दूरगामी लाभों को समझते हुए पीएम आवास योजना का विस्तार करके हर गरीब परिवार को गुणवत्तापूर्ण आवास की सुविधा प्रदान करेंगे।
- मोदी सरकार गांवों, कस्बों और शहरों के हर घर में नल से स्वच्छ जल सुनिश्चित करेगी। तकनीक का उपयोग कर पानी की बचत और इसके सदुपयोग को सुनिश्चित किया जाएगा।
- झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब परिवारजनों को पक्का घर देना मोदी सरकार की प्राथमिकता है। पिछले 10 वर्षों में इस दिशा में एक सफल मॉडल स्थापित किया गया है। इस मॉडल पर तेजी से स्लम रीडेवलपमेंट का कार्य किया जाएगा।
- मोदी सरकार ने पीएम उज्ज्वला योजना से 10 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को रसोई गैस कनेक्शन दिया। आगे इस योजना को जारी रखते हुए इस कार्यक्रम का विस्तार किया जाएगा।
- मोदी सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से हर महीने मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे गरीब परिवारों का बिजली बिल जीरो हो जाए।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी नहीं रहे

# बिहार का हर पार्टी कार्यकर्ता सुशील कुमार मोदी की कमी को महसूस कर रहा है: नरेन्द्र मोदी

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री सुशील कुमार मोदी का 13 मई, 2024 को नई दिल्ली के एम्स में 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं।



उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक्स' पर कहा "पार्टी में अपने मूल्यवान सहयोगी' और दशकों से मेरे मित्र रहे सुशील मोदी जी के असामयिक निधन से अत्यंत दुःख हुआ है। बिहार में भाजपा के उत्थान और उसकी सफलताओं के पीछे उनका अमूल्य योगदान रहा है। आपातकाल का पुरजोर विरोध करते हुए उन्होंने छात्र राजनीति से अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। वे बेहद मेहनती और मिलनसार विधायक के रूप में जाने जाते थे। राजनीति से जुड़े विषयों को लेकर उनकी समझ बहुत गहरी थी। उन्होंने एक प्रशासक के तौर पर भी काफी सराहनीय कार्य किए। जीएसटी पारित होने में उनकी सक्रिय भूमिका सदैव स्मरणीय रहेगी। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं।"

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने 'एक्स' के माध्यम से कहा, "भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सुशील मोदी जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। विद्यार्थी परिषद् से लेकर अभी तक हमने साथ में संगठन के लिए लंबे समय तक काम किया। सुशील मोदी जी का पूरा जीवन बिहार के लिये समर्पित रहा। बिहार को जंगलराज से बाहर निकालकर विकास के पथ पर लाने में सुशील मोदी जी का प्रयास बहुत मददगार रहा है। उनका न होना असंख्य कार्यकताओं के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है। प्रभु दिवंगत आत्मा को शांति और परिजनों को सम्बल प्रदान करें।"

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने 'एक्स' के माध्यम से शोक व्यक्त करते हुए कहा, "हमारे वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी जी के निधन की सूचना से आहत हूं। आज बिहार ने राजनीति के एक महान पुरोधा को हमेशा के लिए खो दिया। अभाविप से भाजपा तक सुशील जी ने संगठन व सरकार में कई महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित किया। उनकी राजनीति गरीबों व पिछड़ों के हितों के लिए समर्पित रही। उनके निधन से बिहार की राजनीति में जो शून्यता उभरी है, उसे लंबे समय तक भरा नहीं जा सकता। दुःख की इस घड़ी में पूरी भाजपा उनके शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।"

श्री सुशील मोदी के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा, "बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता, श्री सुशील कुमार मोदी के निधन से मुझे गहरा दुःख हुआ है। उनका लम्बा सार्वजनिक जीवन जनता-जनार्दन की सेवा और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित था। उन्होंने बिहार में पार्टी को मज़बूत और लोकप्रिय बनाने के लिए काफ़ी परिश्रम किया। बिहार के विकास के लिए किए गए उनके कार्य हमेशा याद रखे जाएंगे। ईश्वर उनके शोक संतप्त परिवार को दुःख की इस घड़ी में धैर्य और संबल प्रदान करे।"

श्री सुशील मोदी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ता के रूप में पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के महासचिव चुने गए थे। उन्होंने इंदिरा गांधी के आपातकाल के आदेश के खिलाफ 1974 में बिहार में जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व वाले अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आपातकाल के दौरान उन्हें कठोर मीसा (MISA) कानून के तहत जेल में डाल दिया गया था। आपातकाल के बाद श्री मोदी ने अभाविप में विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों को निभाया। इस दौरान वह राष्ट्रीय महामंत्री पद पर भी रहे। अपनी राजनीतिक यात्रा के दौरान वह लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधान परिषद् के लिए चुने गए। बिहार के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री के रूप में श्री मोदी ने राज्य की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार द्वारा जीएसटी के कार्यान्वयन के लिए राज्य के वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति के अध्यक्ष के रूप में श्री मोदी की नियुक्ति जटिल मुद्दों को समझने और उनसे निपटने की उनकी क्षमता के कारण संभव हुई; इससे उनकी राजनीतिक समझ और बौद्धिक प्रखरता परिलक्षित होती है। ■

# आईएमएफ ने भारत की वित्तीय वर्ष 24 की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.8 प्रतिशत किया

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अनुमान लगाया है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जो मुख्य रूप से सार्वजनिक निवेश से प्रेरित होगी। आईएमएफ के एशिया एवं प्रशांत विभाग के निदेशक ने कहा, "चीन और भारत में हम उम्मीद करते हैं कि निवेश विकास में योगदान देगा— इसमें से अधिकांश निवेश सार्वजनिक क्षेत्र में होगा, खासकर भारत के संदर्भ में यह कहा जा सकता है।"



आईएमएफ ने 01 मई, 2024 को जारी अपनी रिपोर्ट में भारत के लिए अपने विकास पूर्वानुमान को जनवरी के 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। इसके अतिरिक्त, आईएमएफ ने भारत की वित्त वर्ष 2024 की वृद्धि के लिए अपना दृष्टिकोण बढ़ाकर 7.8 प्रतिशत कर दिया है, जो सरकार के 7.6 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है।

आईएमएफ की रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि "भारत और फिलीपींस घरेलू मांग के कारण सकारात्मक दिख रहे हैं।"

मुद्रास्फीति के संबंध में आईएमएफ ने कहा कि मार्च में भारत की मुद्रास्फीति दर 10 महीने के निचले स्तर 4.9 प्रतिशत पर आ गई। आईएमएफ ने भारत के लिए वित्त वर्ष 2025 के अपने पूर्वानुमान को 4.6 प्रतिशत पर बरकरार रखा है, जिसे वित्त वर्ष 26 में और घटाकर 4.2 प्रतिशत कर दिया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक को चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति घटकर 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।




## कमल संदेश के आजीवन सदस्य बनें

**आज ही लीजिए कमल संदेश की सदस्यता और दीजिए राष्ट्रीय विचार के संवर्धन में अपना योगदान!**

**सदस्यता प्रपत्र**

नाम : ...........................................................................................................

पूरा पता : ...........................................................................................................

...........................................................................................................

........................................................................... पिन : ..............................

दूरभाष : ............................... मोबाइल : (1)............................... (2)..............................

ईमेल : ...........................................................................................................

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सदस्यता | एक वर्ष | ₹350/- | ☐ | आजीवन सदस्यता (हिन्दी/अंग्रेजी) | ₹3000/- | ☐ |
| | तीन वर्ष | ₹1000/- | ☐ | आजीवन सदस्यता (हिन्दी+अंग्रेजी) | ₹5000/- | ☐ |

(भुगतान विवरण)

चेक/ड्राफ्ट क्र. :.................................. दिनांक :............................ बैंक : ..........................................

नोट : डीडी / चेक '**कमल संदेश**' के नाम देय होगा।
मनी आर्डर और नकद पूरे विवरण के साथ स्वीकार किए जाएंगे। (हस्ताक्षर)

कमल संदेश

**अपना डीडी/चेक निम्न पते पर भेजें**
डॉ. मुकर्जी स्मृति न्यास, पीपी-66, सुब्रमण्यम भारती मार्ग, नई दिल्ली-110003
फोन: 011-23381428 फैक्स: 011-23387887 ईमेल: kamalsandesh@yahoo.co.in



लोहरदगा (झारखंड) में 4 मई, 2024 को एक विशाल रैली को संबोधित करने से पहले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते झारखंड भाजपा के नेतागण



अयोध्या (उत्तर प्रदेश) में 5 मई, 2024 को एक विशाल रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी



नवरंगपुर (ओडिशा) में 6 मई, 2024 को आयोजित विशाल रैली में जन-अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी




इटावा (उत्तर प्रदेश) में 5 मई, 2024 को आयोजित विशाल रैली में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी



**कमल संदेश**
**अब इंटरनेट पर भी उपलब्ध**
लॉग इन करें:
**www.kamalsandesh.org**
राष्ट्रीय विचार की प्रतिनिधि पाक्षिक पत्रिका


@Kamal.Sandesh
@KamalSandesh
kamal.sandesh
KamalSandeshLive

प्रेषण तिथि: (i) 1-2 चालू माह (ii) 16-17 चालू माह
डाकघर: लोदी रोड एचओ., नई दिल्ली **"रजिस्टर्ड"**
44 पृष्ठ कवर सहित
प्रकाशन तिथि: 30 मई, 2024
आर.एन.आई. DELHIN/2006/16953
डी.एल. (एस)-17/3264/2021-23
Licence to Post without Prepayment
Licence No. U(S)-41/2021-23













छायाकार: अजय कुमार सिंह